RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 24 डिग्री
न्युनतम तापमान 10 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 23 डिग्री
न्युनतम तापमान 10 डिग्री

गुरुवार 27 नवंबर 2025
सुर्योदय प्रातः 06:53 बजे
सूर्यास्त सांय 17: 24 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 तेजस हादसा, रक्षा क्षेत्र के लिए चुनौती

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्षः 17 | अंक : 041 | गाजियाबाद, गुरुवार 27 नवंबर 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 | CBDC | Paytm
Cred | PhonePe | Google Pay
e₹ DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE

NCR MASALA
India's Premium Masala
9410855900
ncrmasala@gmail.com
get online
www.ncrmasala.com
गर्म मसाला, हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा
व अन्य रसोई मसाले



## प्रदूषण के कारण डिजिटल आधार पर सुनवाई पर कर रहे विचारः प्रधान न्यायाधीश

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने गंभीर वायु प्रदूषण के कारण उच्चतम न्यायालय की सुनवाई केवल डिजिटल तरीके से करने की संभावना पर विचार करते हुए कहा कि एक दिन पहले जब वह एक घंटे की सैर पर गए थे तो उन्होंने खुद को अस्वस्थ महसूस किया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि वह बार से परामर्श के बाद निर्णय करेंगे, हालांकि 60 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओं के लिए डिजिटल तरीके से सुनवाई की अनुमति देने का विचार अदालत में रखा गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह टिप्पणी तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की शुरुआत में कीं, जब आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांगी।

## सीबीआई ने बंगाल के संदेशखालि में ईडी टीम पर हमले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अबुल हुसैन मुल्ला उर्फ दुरंतो को गिरफ्तार किया है, जो पिछले साल पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर कथित हमले के सिलसिले में वांछित था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कथित राशन वितरण घोटाले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी करने संदेशखालि गई ईडी टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने अबुल हुसैन को मंगलवार रात करीब आठ बजे दक्षिण 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया। वह बार-बार नोटिस भेजे जाने और स्थानीय अदालत द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के बावजूद जांच में शामिल नहीं हुआ।

## आईआईएम लखनऊ के 1999 बैच के पूर्व छात्रों ने शुरू की फेलोशिप

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), लखनऊ अपने 1999 बैच के पूर्व छात्रों द्वारा "99 मूनशॉट्स" नाम से फेलोशिप अनुदान की शुरुआत कर रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इसका उद्देश्य शोधार्थियों के बीच शोध उत्पादकता को बढ़ावा देना है। इस साल दो पीएचडी छात्रों को यह फेलोशिप अनुदान दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि संस्थान के स्नातकोत्तर कार्यक्रम, 1999 की कक्षा द्वारा वित्तपोषित, इस फेलोशिप का उद्देश्य शोधार्थी समुदाय को सशक्त बनाना है, ताकि वे गहन पड़ताल कर सकें और ऐसे समाधानों में योगदान दे सकें जो शिक्षा, उद्योग और समाज को आकार दें। आईआईएम, लखनऊ के डीन (कार्यक्रम) संजय सिंह ने कहा, "हम अपने पीएचडी छात्रों के लिए इस फेलोशिप की स्थापना में उदार योगदान के लिए 1999 की कक्षा के आभारी हैं। भावी छात्रों को पोषित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आईआईएम लखनऊ के पूर्व छात्र समुदाय की सच्ची भावना को दर्शाती है। मैं प्रथम फेलोशिप विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।"

## मुंबई हमले की 17वीं बरसी पर देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

✷ वेबवार्ता. मुंबई ✷। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार को मुंबई में 2008 के आतंकवादी हमलों के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह श्रद्धांजलि समारोह दक्षिण मुंबई स्थित मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यालय परिसर में शहीद स्मारक पर आयोजित किया गया।

## संविधान राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ, इसे आत्मसात कर

# संसद ने जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त कियाः मुर्मु

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान को राष्ट्रीय अस्मिता और पहचान का ग्रंथ बताते हुए कहा है कि बीते दशक में हमारी संसद ने इसके मूल्यों पर चलते हुए जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अनेक कार्य किये हैं।

श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में अपने अभिभाषण में कहा कि संविधान सभा ने संसदीय प्रणाली को अपनाने के पक्ष में जो ठोस तर्क दिये गए थे वे आज भी प्रासंगिक हैं। विश्व के विशालतम लोकतन्त्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित है।

उन्होंने कहा ,' हमारे संविधान निर्माता चाहते थे कि संविधान के माध्यम से हमारा सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान सुनिश्चित रहे। मुझे यह कहते हुए बहुत प्रसन्नता होती है कि बीते दशक में हमारी संसद ने जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अत्यंत प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। 'श्रीमती मुर्मु ने कहा कि संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वह सभी सांसदों को बधाई देती हैं और कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से संविधान सभा के परम सम्माननीय सदस्यों की स्मृति में सादर नमन करती हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की अंतरात्मा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे आदर्शों में अभिव्यक्त होती है।

उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संविधान निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय प्रणाली की सफलता के ठोस प्रमाण के रूप में, आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से अग्रसर है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी की सीमारेखा से बाहर आने से आर्थिक न्याय के पैमाने पर विश्व की सबसे बड़ी सफलता अर्जित हुई है।

राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान में सामाजिक न्याय के आदर्श के अनुरूप देश में समावेशी विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू होने से महिलाओं के नेतृत्व में विकास के एक नए युग का आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सात नवंबर से राष्ट्र-गीत 'वन्दे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में देशव्यापी स्मरणोत्सव मनाए जा रहे हैं।

यह स्मरणोत्सव भारत माता को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प का अवसर है। उन्होंने कहा ,' मुझे विश्वास है कि इस राष्ट्रीय संकल्प की सिद्धि के लिए आप सभी सदस्यगण देशवासियों को दिशा और प्रेरणा प्रदान करेंगे। '

## कम से कम चार मौलिक कर्तव्यों को लेकर PM की प्रतिबद्धता संदिग्धः कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कम से कम चार ऐसे कर्तव्यों के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता ''स्पष्ट रूप से संदिग्ध'' है, जिनमें संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों और संस्थानों का सम्मान करना शामिल है।

मुख्य विपक्षी दल ने यह हमला उस वक्त किया जब प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को नागरिकों से अपने संवैधानिक कर्तव्यों को निभाने का आग्रह किया और कहा कि ये मजबूत लोकतंत्र की नींव हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''संविधान का भाग चतुर्थ-ए, अनुच्छेद 51-ए मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है और उनमें से ग्यारह की गणना की गई है। लेकिन क्या प्रधानमंत्री एक नागरिक और नेता के रूप में अपने मौलिक कर्तव्यों को भी पूरा कर रहे हैं?'' उन्होंने दावा किया, ''कम से कम चार मौलिक कर्तव्य हैं जिनके प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से संदिग्ध है। ये कर्तव्य हैं- संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों और संस्थानों का सम्मान करना, स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों को संजोना और उनका पालन करना, धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय विविधताओं से परे भारत के सभी लोगों के बीच सद्भाव और सामान्य भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना तथा वैज्ञानिक चेतना, मानवतावाद और जांच-परख एवं सुधार की भावना विकसित करना है।''

# स्वतंत्रता केवल अधिकारों के बारे में नहीं, कर्तव्यों और एकता के लिए भी हैः मोदी

✷ वेबवार्ता. करमसद (गुजरात) ✷



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि यह दिन देशवासियों को याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों के बारे में नहीं है, बल्कि कर्तव्यों और एकता के आह्वान के लिए भी है। प्रधानमंत्री का संदेश गुजरात के आणंद जिले के करमसद कस्बे में 'एकता मार्च' के शुरू होने के समारोह के दौरान पढ़ा गया। करमसद भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का पैतृक स्थान है। गुजरात सरकार सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में नर्मदा जिले के करमसद से 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' तक 'पदयात्रा' का आयोजन कर रही है।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर प्रवीण चौधरी ने प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। प्रधानमंत्री ने पदयात्रा के आयोजन के लिए राज्य सरकार को बधाई दी तथा कहा कि पदयात्राओं ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मोदी ने कहा, ''पदचिह्नों की ध्वनि ने समाज को एकजुट किया, लोगों का आत्मविश्वास बढ़ाया और लाखों दिलों में एकता की भावना पैदा की। सरदार पटेल जानते थे कि जब लोग एक साथ चलते हैं, तो मतभेद पीछे छूट जाते हैं और मार्ग सर्वोच्च हो जाता है।'' उन्होंने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि 'एकता मार्च' संविधान दिवस पर आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों से ही नहीं, बल्कि कर्तव्यों से भी जुड़ी है और एकता का आह्वान भी है।''

उन्होंने कहा, ''आज हम हर उस पहल में राष्ट्रीय एकता का जीवंत उदाहरण देखते हैं, जिसमें नागरिक स्वेच्छा से भाग लेते हैं, चाहे वह डिजिटल इंडिया हो, फिट इंडिया हो, स्वच्छ भारत अभियान हो या 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी जनभागीदारी वाली पहल हो।'' मोदी ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प हमारे युवाओं की ऊर्जा, देशवासियों की एकजुटता और नवाचार से पूरा होगा। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 'एकता मार्च' राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा, ''एकता मार्च लोगों को देश और समाज की बेहतरी के लिए भारत की प्रगति के साथ अपने लक्ष्यों को जोड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत, भारत का टेस्ट सीरीज में किया सुपड़ा साफ

✷ वेबवार्ता. गुवहाटी ✷



साइमन हार्मर (छह विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63.5 आवर में 140 रन पर ढ़ेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो मैचों की सीरीज भी 2-0 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है।

इससे पहले हार्मर की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत का चायकाल के समय तक 90 के स्कोर पर पांच विकेट कर दिया था।

चायकाल के बाद भारत का छठा विकेट साई सुदर्शन के रूप में गिरा। उन्होंने 139 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाये। वॉशिंगटन सुदंर 44 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुये। 62वां ओवर कर रहे केशव महाराज की पहली गेंद पर छक्का लगाकर रवींद्र जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में हार्मर, नीतीश कुमार रेड्डी को बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटा दिया। इसी के साथ छठी सफलता हार्मर के नाम रहीं। 64वें ओवर की पहली गेंद पर केशव महाराज ने रवींद्र जडेजा को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। रवींद्र जडेजा ने 87 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर महाराज ने को आउटकर 140 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया।

पहले टेस्ट में टेम्बा बवुमा ने अर्धशतकीय पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई तो वहीं गुवाहाटी टेस्ट में पारी लड़खड़ाने के बाद मुथुसामी और यानसन ने दक्षिण अफ्रीका को एक बड़े स्कोर पर पहुंचा और दोनों ही मैचों में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजो विशेषकर यानसन और हार्मर ने भारतीय बल्लेबाज़ों की नाक में दम कर रख दिया और एक ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत हासिल कर ली।न्यूजीलैंड के बाद अब दक्षिण अफ्रीका ने भारत का घर पर सूपड़ा साफ कर दिया।

## न्यायिक नियुक्तियों के लिए प्रक्रिया ज्ञापन को अंतिम रूप देना जरूरीः एससीबीए अध्यक्ष

**एनसीआर टुडे. नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने बुधवार को न्यायिक नियुक्तियों के प्रक्रिया ज्ञापन को अंतिम रूप देने की जरूरत बताई। सिंह ने कहा कि इससे अच्छी काबिलियत वाले न्यायाधीश उच्च श्तरीय अदालतों में आएंगे और इस प्रक्रिया में प्रामाणिकता भी आएगी।

प्रक्रिया ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के नियमों और प्रक्रिया की सूची होती है। एससीबीए द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने न्यायिक अवसंरचना, खासकर अधीनस्थ अदालतों के बुनियादी ढांचे में कमियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''मैं विधि मंत्री, प्रधान न्यायाधीश और कॉलेजियम के दूसरे न्यायाधीशों से अनुरोध करता हूं कि 2016 से लंबित इस प्रक्रिया ज्ञापन को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाए। यह प्रक्रिया ज्ञापन बुनियादी तौर पर कॉलेजियम प्रणाली में और अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करता है।''

## रेयर अर्थ मैगनेट विनिर्माण में देश को आत्मनिर्भर बनाने की 7, 280 करोड़ की योजना मंजूर

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भू–रणनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत रेयर अर्थ मैगनेट के विनिर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ 7, 280 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन की सात वर्षीय योजना को मंजूरी दी। इसके तहत देश में आगामी चार–पांच वर्ष में कम से कम छह हजार टन सिंटर्ड रेयर अर्थ मैगनेट के विनिर्माण की पांच इकाइयों की स्थापना की जायेगी।

उनकी क्षमता 1,200–1,200 टन वार्षिक की होगी। सिंटरिंग प्रक्रिया में धातु कड़ों (चूर्ण) को बिना गलाये हुए उच्च दाब और ऊष्मा के सहारे आपस में जोड़ा जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैगनेट विनिर्माण संवर्धन योजना (आरईपीएम) की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण, रेलवे और सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभागों के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस योजना को भू–राजनीतिक दृष्टि से एक अहम फैसला बताया। उन्होंने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर, विद्युत वाहन, अंतरिक्ष उद्योग, सेमीकंडक्टर तथा रक्षा साजो–सामान के विनिर्माण के लिए रेयर अर्थ मैगनेट एक महत्वपूर्ण घटक हैं।

चीन रेयर अर्थ मैगनेट का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है और हाल में उसने इसके निर्यात पर पाबंदी लगाकर वैश्विक विनिर्माण श्रृंखलाओं को प्रभावित कर दिया था। भारत इस समय रेयर अर्थ मैगनेट के लिए जापान, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से इसका आयात करता है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा।

उन्होंने बताया कि 7, 280 करोड़ रुपये की इस योजना के अंतर्गत लगायी जाने वाली इकाइयों को पूंजीगत सब्सिडी और उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन–दोनों तरह की सहायता देने का विचार है। इकाइयों को कुल छह हजार टन रेयर अर्थ मैगनेट के विनिर्माण के लिए सहायता दी जायेगी और उम्मीद है कि वे इससे अधिक क्षमता की सुविधा स्थापित करेंगी।

# छत्तीसगढ़ में 41 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष हथियार डालकर किया आत्मसमर्पण

✷ वेबवार्ता. बीजापुर ✷




छत्तीसगढ़ के अत्यधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिला में बुधवार का दिन सुरक्षा अभियानों और पुनर्वास नीति की ऐतिहासिक उपलब्धि का रहा जब 41 सक्रिय माओवादी कैडरों ने लंबे समय तक चली हिंसक, क्रूर और जनविरोधी विचारधारा को छोड़कर भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक पुनर्समावेशन में आस्था व्यक्त करते हुए आत्मसमर्पण किया।

दक्षिण बश्तर, विशेष रूप से बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के घने जंगलों में दशकों से सक्रिय प्रतिबंधित माओवादी संगठन के लिए यह समर्पण इसलिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि इन कैडरों पर कुल मिलाकर एक करोड़ 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था और इनमें संगठन के दक्षिण सब-जोनल ब्यूरो के 39 सदस्य शामिल बताए जा रहे हैं। जानकारों के मुताबिक हाल के वर्षों में माओवादी गतिविधियों, हथियार मूवमेंट, टैक्टिकल ऑपरेशन, सप्लाई नेटवर्क, मिलिशिया ढांचे, जनताना सरकार, पीएलजीए बटालियन और एरिया कमेटी में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने वाले सदस्य जब मुख्यधारा में लौटते हैं, तो यह केवल एक कार्यक्रम नहीं होता, बल्कि यह एक वैचारिक ढांचे के क्षरण का प्रतीक बन जाता है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बुधवार को मिली जानकारी के मुताबिक, समर्पण करने वालों में 12 महिला और 29 पुरुष कैडर शामिल रहे, जो दक्षिण बश्तर दंडकारण्य स्पेशल जोन कमेटी (डीकेएसजेडसी) के अलावा तेलंगाना स्टेट कमेटी, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड डिवीजन, पश्चिम बश्तर सप्लाई टीम, डीके जोन और विभिन्न आरपीसी मिलिशिया समूहों में सक्रिय थे।

इन 41 कैडरों में पीएलजीए बटालियन नंबर-01 के पीपीसीएम पदनाम वाले सदस्य, अलग-अलग कंपनियों, प्लाटून और एरिया कमेटी के प्रमुख कार्यकर्ता, मिलिशिया प्लाटून कमांडर और डिप्टी कमांडर, जनताना सरकार के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष श्तर पर सक्रिय सदस्य, डीएकेएमएसऔर केएएमएस संगठन से जुड़े फैसले लेने वाले कैडर भी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वालों में पण्डरू हपका उर्फ मोहन और उनकी पत्नी बण्डी हपका का नाम सबसे प्रमुख रहा, जो पीएलजीए बटालियन नंबर-01 में पीपीसीएम पद पर सक्रिय थे और दोनों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।

इसके अलावा कंपनी नंबर-02 के पीपीसीएम सदस्य लक्खू कोरसा पर भी आठ लाख का इनाम था, जबकि प्लाटून नंबर-30 के पीपीसीएम सदस्य बदरू पुनेम और प्लाटून नंबर-50 के पीपीसीएम सदस्य सुखराम हेमला और उनकी पत्नी मंजूला हेमला उर्फ शांति पर भी आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।

कंपनी नंबर-02 की पार्टी सदस्य मंगली माडवी उर्फ शांति उर्फ मंगलो पर आठ लाख, कंपनी नंबर-02 के पार्टी सदस्य जयराम कडियम और डीकेएनजी कंपनी-05 की सदस्य पाण्डो मडकम उर्फ चांदनी पर भी आठ लाख रुपये का इनाम था। भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्य माटा कडियम उर्फ मंगल, और उनकी पत्नी जमली कडियम पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था, जबकि धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड डिवीजन के एसीएम सदस्य जोगी मडकम उर्फ मालती पर भी पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया था।

तेलंगाना स्टेट कमेटी के पार्टी सदस्य छोटू कारम उर्फ छोटू कारम पर दो लाख का इनाम, पश्चिम बश्तर डिवीजन की सप्लाई टीम से जुड़े अनिल मड़कम उर्फ मूडा और तेलंगाना स्टेट कमेटी पीएलजीए सदस्य सावित्री कारम उर्फ कविता पर भी दो-दो लाख रुपये का इनाम घोषित था।

इसके अलावा कई अन्य नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया जिन पर इनाम रखा गया था। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आत्मसमर्पण के तत्काल बाद दश्तावेजीकरण, विधिक सत्यापन और पुनर्समावेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और राज्य शासन की आत्मसमर्पण तथा पुनर्वास नीति के तहत प्रत्येक कैडर को 50 हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। पिछले 11 महीनों के आंकड़े माओवाद कमजोर होने की पुष्टि करते हैं।

## शीशा तोड़कर दो लैपटॉप चोरी

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र में मोरफेस ब्लूबेल सोसाइटी के पास एक व्यक्ति की कार का शीशा तोड़कर दो लैपटॉप चोरी कर लिए गए। आम्रपाली गोल्फ होम्स निवासी लवकुश कुमार ने मामला दर्ज कराया है कि वो 17 नवंबर की रात करीब 8 बजे सोसाइटी के बाहर सामाने लेने गए थे। करीब 20 मिनट बाद जब वो सामान खरीदकर कार पर पहुंचे तो कार के अंदर से दो लैपटॉप गायब मिले। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## फॉर्च्यूनर गाड़ी व पांच लाख न मिलने पर विवाहिता से मारपीट

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷।** दादरी में दहेज में फॉर्च्यूनर कार एवं पांच लाख रुपये की नकदी की मांग पूरी न होने के चलते विवाहिता के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। विवाहिता के परिजन के साथ भी अभद्रता की गई। विवाहिता ने चार महिला समेत 6 लोगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में दीपाली तोमर परिवार के साथ रहती हैं। उसकी शादी 7 फरवरी 2025 को गुरुग्राम के लोहा सिंघानी घंघोला गांव निवासी मनीष पाल के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी और पांच लाख रुपये नकदी की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने के चलते पति मनीष पाल, ससुर कंवर पाल तथा अन्य परिजनों ने विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग पूरी न होने के चलते एक मार्च को विवाहिता के साथ मारपीट की थी। पीड़िता ने अपने मायके वालों को फोन कर बुलाया तो विवाहिता के पिता व मायके वालों के साथ भी दुर्व्यवहार कर मारपीट की गई। विवाहिता ने पति मनीष पाल, ससुर कंवर पाल, सास प्रमोद देवी, ननद कविता, राशि और लक्ष्मी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक दिसंबर से उपभोक्ता ओटीएस के तहत ले सकेंगे बिल में छूट

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷।** यमुना सिटी में बिजली निगम की ओर से राजस्व वसूली के लिए एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना शुरू की जा रही है। एक दिसंबर से उपभोक्ता नजदीकी बिजलीघर और जन सेवा केंद्र पर जाकर इसका लाभ उठा सकेंगे। इस बार एकमुश्त समाधान योजना के तहत मूल बिल में भी छूट मिलेगी। लंबे समय से बिजली बिल जमा न करने वाले और जुर्माना झेलने वाले उपभोक्ताओं के पास अपना बकाया खत्म करने का अच्छा अवसर है। बिजली निगम की एक दिसंबर से शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक जारी रहने वाली एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेकर उपभोक्ता भुगतान कर सकते हैं। यह योजना तीन चरणों में विभाजित की गई है। पहला चरण एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक जारी रहेगा। जिसमें ब्याज पर सौ प्रतिशत छूट और मूल बिल पर 25 प्रतिशत छूट उपभोक्ताओं को दी जाएगी। एक जनवरी 2026 से 31 जनवरी तक दूसरे चरण में ब्याज पर तो समान छूट मिलेगी लेकिन मूल बिल पर 20 प्रतिशत ही छूट दी जाएगी। अंतिम चरण में भी ब्याज पर समान छूट रहेगी लेकिन मूल बिल पर 15 प्रतिशत छूट मिलेगी।

## जानलेवा हमले के मामले में दो गिरफ्तार

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷।** दादरी के कलौंदा गांव में एक माह पहले पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला किया गया था। हमले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी कैलाश नाथ ने बताया कि कलौंदा गांव में मोनू परिवार के साथ रहते हैं। 20 अक्टूबर को कलौंदा गांव निवासी कृष्ण कुमार व दुष्यंत कुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर मोनू के साथ गाली-गलौज की थी। लाठी-डंडों से मारपीट कर जानलेवा हमला किया था। मामले में नामजद रिपोर्ट कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार व दुष्यंत कुमार को जारचा की तरफ जाने वाले राश्ते से बुधवार को गिरफ्तार किया है।

## दहेज उत्पीड़न के आरोप में FIR

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷।** रबूपुरा के गांव निलोनी शाहपुर में महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। गांव निलोनी शाहपुर निवासी धर्मपाल सिंह ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सोनिया की शादी अरुण कुमार निवासी बुलंदशहर के साथ 25 फरवरी 2025 को की थी। आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद से ही उसकी ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर सोनिया के साथ आए दिन मारपीट कर उसका उत्पीड़न करने लगे। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पति अरुण, ननद, ससुर, जेठ, जेठानी आदि के खिलाफ दहेज उत्पीड़न में प्राथमिकी दर्ज की है।

# 12 साल के बच्चे की सूझबूझ ने जलने से बच गया फ्लैट, महिला का हाथ झुलसा

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷**

परी चौक के पास स्थित एनआरआई रेजीडेंसी सोसाइटी में सोमवार को एनआईसी दिल्ली के डायरेक्टर के फ्लैट में अचानक आग लग गई।

डायरेक्टर की पत्नी कढ़ाई में तेल गर्म कर रही थी। अचानक तेल में लगी आग किचन में लकड़ी की वार्डरोब तक पहुंच गई। आग की चपेट में आने से महिला का हाथ झुलस गया। महिला व उनके बच्चों ने शोर मचाकर मदद मांगी। तभी एक 12 साल के बच्चा मौके पर पहुंचा। उसने फायर सिलिंडर की मदद से आग पर काबू पा लिया।

पवन मंगल एनआईसी दिल्ली में निदेशक के पद पर तैनात हैं। वो ग्रेटर नोएडा की एनआरआई रेजीडेंसी सोसाइटी के टावर सी के 12 फ्लोर पर एक फ्लैट में रहते हैं। सोमवार दोपहर में वो दिल्ली ऑफिस में थे। घर पर पत्नी और बच्चे थे। पत्नी एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं।




दोपहर में पत्नी ने किचन में गैस चूल्हे पर एक बर्तन में तेल गर्म होने को रख दिया और वो बाहर सोफे पर जाकर स्कूल का काम करने लगी। पवन मंगल ने बताया कि करीब 10 मिनट बाद जब वो किचन में पहुंची तो तेल के साथ लकड़ी के वार्डरोब में आग लगी थी। उन्होंने आग पर काबू पाना चाहा, लेकिन इसमें हाथ झुलस गया।

इस दौरान उनके बच्चों ने फ्लैट से बाहर जाकर शोर मचाकर मदद मांगी। तभी स्कूल में सहपाठी 12 साल के ईशान ने आवाज सुनी और वो 11वें फ्लोर से 12वें फ्लोर पर पहुंचा, लेकिन वहां फायर सिलिंडर नहीं मिला। उसके बाद बच्चा 11वें फ्लोर से 15 किग्रा का सिलिंडर लेकर ऊपर पहुंचा। वो सिलिंडर का प्रयोग करना जानता था।

बच्चे ने सिलिंडर की मदद से वार्डरोब की आग को बुझा दिया, लेकिन तेल में लगी आग नहीं बुझी। तब तक सोसाइटी के अन्य लोग व मेंटेनेंस टीम के सदस्य भी पहुंच गए। उन्होंने तेल की आग को बुझाया। मकान मालिक ने बताया कि आग से किचन का आधा हिस्सा जल गया। बच्चा अगर आग पर काबू नहीं पाता तो आग फैल सकती थी।

बच्चे के साहस की हो रही सोसाइटी में तारीफ : 12 साल के ईशान उपाध्याय ने फ्लैट को जलने से बचाया लिया। उसके इस साहस की पूरी सोसाइटी में तारीफ हो रही है। ईशान के पिता टावर सी के 11वें फ्लोर पर रहते हैं।

एओए के अध्यक्ष ने बताया कि बच्चा फायर सिलिंडर को चलाना जानता था। जो अच्छी चीज हैं। उसके साहस से एक बड़ी घटना होने से बच गई।

## 60 यात्रियों को लेकर जा रही डबल डेकर बस पलटी, 14 घायल

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷**

यमुना एक्सप्रेसवे पर दनकौर इलाके में मंगलवार देर रात दिल्ली से बनारस जा रही एक निजी डबल डेकर बस अचानक असंतुलित होकर पलट गई। बस में करीब 60 यात्री और छत पर समान लदा हुआ था।

बताया जा रहा है कि समान अधिक होने के कारण ही बस असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में 14 सवारियों को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया है, जहां एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। दिल्ली से एक निजी डबल डेकर बस करीब 60 सवारियों को लेकर बनारस के लिए जा रही थी। रात करीब 12:30 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट से करीब 12.5 किमी पर बस अचानक असंतुलित होकर पलट गई। बस में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठी हुई थीं।

साथ ही बस की छत पर काफी सामान भी रखा हुआ था। जिसके चलते बस का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गई। गनीमत रही कि बस एक्सप्रेसवे से नीचे नहीं गिरी। वरना हादसा और भयानक हो सकता था।

पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई है। मामले की विश्तृत जांच कराई जा रही है। हादसे में आदर्श पांडे, सुप्रिया, अरिभा, नसरीन बानो, विनय, विनोद, महेंद्र, अशोक, सचिन, मनोज, शशि, कामरा और सक्षम समेत 14 सवारी घायल हुई हैं, जबकि अन्य को सामान्य चोटें आई हैं। सभी सवारियां दिल्ली से बनारस समेत कई जगहों के लिए जा रही थी।

# अखिलेश यादव के चचेरे भाई की शादी में मोदी-योगी के मंत्री भी पहुंचे

**सैफई(इटावा), एजेंसी।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई आर्यन की मंगलवार को सैफई में धूमधाम से शादी संपन्न हुई। इस दौरान हजारों लोगों ने उपस्थिति दर्ज कर आर्यन और उनकी जीवन संगीनी सेरिंग को आशीर्वाद दिया। सपा के दिग्गजों के साथ ही भाजपा के वह नेता भी नजर आए जो हमेशा अखिलेश यादव और उनके परिवार को निशाने पर रखते हैं। मोदी के मंत्री एसपी सिंह बघेल और योगी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी पहुंचे लेकिन कोई बड़ा कांग्रेस नजर नहीं आया। समारोह की तस्वीरें और वीडियो खुद अखिलेश यादव ने एक्स पर डाली है। इन तस्वीरों में भी कांग्रेस के सांसद और नेता नजर नहीं आए।

शादी में पहुंचे मोदी सरकार के मंत्री एसपी सिंह बघेल को देखने के बाद तो पत्रकारों ने घेर भी लिया। उनसे सवाल करने लगे तो बघेल मुस्कराकर बोले जिसके घर कार्यक्रम में आए उनके खिलाफ ही बोलें क्या। एसआईआर और चुनाव आयोग पर निशाना साधने वाले अखिलेश का नाम तो नहीं लिया लेकिन इतना कहा कि एसआईआर पर इतना जरूर कहा कि चुनाव आयोग के एक संवैधानिक संस्था है। संविधान में आयोग के पास अधिकार हैं। एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है। जो लोग विदेशी घुसपैठियों को मतदाता बनाना चाहते हैं ऐसे ही लोगों को इससे दिक्कत है।





**हजारों लोगों के लिए आठ ब्लाक में भोजन का इंतजाम–** पंडाल में आयोजित जयमाला कार्यक्रम दोपहर करीब 12 :30 बजे संपन्न हुआ, जिसमें मुलायम सिंह यादव परिवार की सभी महिलाएं, परिजन और रिश्तेदार मौजूद रहे। लद्दाख से आए दुल्हन पक्ष के लोग भी मंच पर सम्मिलित हुए और पूरे रीति-रिवाज के साथ विवाह रस्में पूरी की गई। अखिलेश यादव लगातार मेहमानों से मिलते रहे और सबका अभिवादन करते नजर आए। हजारों मेहमानों के लिए 8 ब्लॉक में खाने पीने की व्यवस्था की गई थी। कद्दू, मट्ठा आलू, शाही पनीर, पूड़ी, छोले चावल, मिक्स वेज, इमरती, कालाजाम समेत कई व्यंजन सजाये गयें थे। विशेष अतिथियों के लिए शादी समारोह स्थल पर ही देशी विदेशी डिस उपलब्ध करायी गयीं।

**लद्दाख की रहने वाली हाईकोर्ट की वकील हैं मुलायम परिवार की नई बहू–** मुलायम सिहं यादव के भाई और अखिलेश यादव के चाचा स्व.राजपाल सिंह यादव व चाची प्रेमलता यादव के बेटे आर्यन यादव की शादी लद्दाख की रहने वाली सेरिंग लद्दाख की रहने वाली हैं। वह हाईकोर्ट की वकील हैं। मंगलवार दोपहर में बरात लेकर सांसद डिंपल यादव पहुंची तो वधू पक्ष की ओर से जोरदार स्वागत किया गया।

शादी को लेकर तीन दिनों से कार्यक्रम चल रहे थे। मंगलवार की दोपहर में हिंदू रीत रिवाज के अनुसार अखिलेश यादव के पैतृक घर से बारात निकली। बारात में सैफई परिवार की महिलाएं व अन्य लोग हर्षोल्लास के साथ बैंड बाजे पर थिरकते दिखाई दिए।

बारात पंडाल पहुंची तो दुल्हन सेरिंग के परिवार के लोगों ने बारात का स्वागत किया। द्वारचार की रस्में पूरी होने के बाद जयमाल कार्यक्रम के लिये दोनों पक्ष स्टेज पर जुटे और जयमाला डाली गई।

**विन्टेज कार में निकली बारात, जमकर थिरके बच्चे–** पैतृक आवास से बारात निकासी की रस्म में आर्यन की मां प्रेमलता यादव, चाची मृदुला यादव, डिम्पल यादव, राजलक्ष्मी समेत सभी शामिल रहे।

### राजनीतिक दिग्गजों का खुद अखिलेश स्वागत करते दिखे

शादी समारोह में सपा के तमाम दिग्गज दिखाई दिए। लोकसभा में हमेशा अखिलेश यादव के बगल में दिखने वाले अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद यहां भी अखिलेश के बगल में सोफे पर काफी देर तक दिखाई दिए। इसके अलावा सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडे, नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव, राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन, सांसद जितेंद्र दोहरे, सांसद देवेश शाक्य, सांसद आनंद भदौरिया, सांसद राजीव राय, एमएलसी मुकुल यादव, एमएलसी गुड्डू जमाली, विधायक पवन पांडे, राजू यादव। पूर्व सांसद और चर्चित नेता डीपी यादव, सांसद अफजाल अंसारी और विधायक अब्बास अंसारी भी पहुंचे।

### हाथ जोड़कर काम नहीं चलेगा

जयमाला कार्यक्रम के बाद दूल्हा आर्यन व दुल्हन सेरिंग लोगों का अभिवादन कर रहे थे। तभी वह प्रो.रामगोपाल यादव के पास पहुंचे। रामगोपाल को देखकर दोनों ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इस पर चुटकी लेते हुये रामगोपाल ने कहा कि हाथ जोड़कर काम नहीं चलेगा, पैर छूओ। ये सुनते ही दूल्हा दुल्हन ने उनके पैर छूये। इस पर रामगोपाल ने उनको आर्शीवाद दिया।

# दूसरी शादी का बहाना नहीं चलेगा, पहली पत्नी को गुजारा भत्ता दो: हाईकोर्ट

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने हाल ही के एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया कि एक मुस्लिम पति अपनी पहली पत्नी को गुजारा भत्ता देने से केवल इस आधार पर नहीं बच सकता कि उसकी दूसरी पत्नी भी है या कि उसका बेटा पहली पत्नी की आर्थिक मदद कर रहा है। अदालत ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत बहुविवाह की अनुमति तो है, लेकिन यह सिर्फ असाधारण परिस्थितियों में ही संभव है और पति को सभी पत्नियों के साथ समान और न्यायपूर्ण व्यवहार करना होगा।




**एक विवाह नियम है, बहु-विवाह अपवाद- कोर्ट-** बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति कौसर एडप्पगथ ने अपने फैसले में टिप्पणी की कि मुस्लिम कानून के अनुसार एक से अधिक विवाह कोई अधिकार नहीं बल्कि एक अपवाद है। विवाह में बराबरी का अर्थ केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आर्थिक समानता भी है। यदि कोई व्यक्ति सभी पत्नियों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करने में सक्षम नहीं है, तो उसे एक ही विवाह करना चाहिए- यह बात कुरान की आयत (4: 3) में भी स्पष्ट है।

**दूसरी शादी पहली पत्नी के अधिकार कम नहीं करती–** अदालत ने कहा कि यदि कोई पति अपनी पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करता है, तो वह अपनी पहली पत्नी को आर्थिक सहायता न देने का तर्क दूसरी पत्नी की जिम्मेदारी के आधार पर नहीं दे सकता। अदालत के अनुसार- दूसरी पत्नी का होना पहली पत्नी के गुजारा भत्ते की देनदारी को कम या समाप्त नहीं करता।

### मामला क्या है?

पहली पत्नी ने वर्ष 2016 में गुजारा भत्ता का मामला दायर किया था। उनका कहना था कि उनका कोई रोजगार नहीं है और पति ने खाड़ी देशों में 40 साल से अधिक समय तक काम किया है, इसलिए उनके पास पर्याप्त साधन हैं।

### पति ने बेटे से रखरखाव की मांग भी की

पति ने एक अन्य फैमिली कोर्ट में अपने बेटे से गुजारा भत्ता मांगते हुए याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। यह आदेश भी हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

**हाईकोर्ट के मुख्य निष्कर्ष–** पत्नी कमाती है, इसका कोई सबूत पति प्रस्तुत नहीं कर सका। पति अपनी दूसरी पत्नी का भरण-पोषण कर रहा है, जिससे यह सिद्ध होता है कि वह आय अर्जित कर रहा है या आर्थिक रूप से सक्षम है।

बीएनएसएस की धारा 144(1)(ए) के तहत पत्नी को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार स्वतंत्र है और बच्चों की सहायता इसके अधिकार को समाप्त नहीं करती। बिना सहमति दूसरी शादी करना पहली पत्नी के अलग रहने को वैध ठहराता है और यह उसकी गुजारा-भत्ता पाने की पात्रता कम नहीं करता (धारा 144(4) बीएनएसएस)।

# शिवकुमार सीएम बनेंगे, एमएलए ने दिए कर्नाटक में बदलाव के संकेत, सीक्रेट डील का जिक्र

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में सियासी तनातनी जारी है। खबर है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक विधायक दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। अब एक विधायक ने दावा कर दिया है कि शिवकुमार जल्द मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। हालांकि, मंगलवार को विधायकों ने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व अंतिम फैसला लेगा। साल 2023 में शिवकुमार और मौजूदा सीएम सिद्धारमैया के बीच हुए कथित समझौते के चलते राज्य में शीर्ष पद को लेकर रस्साकशी जारी है।



रामनगर विधायक इकबाल हुसैन ने कहा कि सभी लोग आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे, साथ ही उन्होंने शिवकुमार के प्रमोशन पर भरोसा जताया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा उस बयान के साथ हूं...। 200 फीसदी वह जल्द ही सीएम बनेंगे। हाईकमान फैसला लेगा। जैसा कि हमारे नेता (शिवकुमार) ने कहा है कि सत्ता हस्तांतरण की सीक्रेट डील 5-6 पार्टी नेताओं के बीच हुई थी और वही 5-6 लोग फैसला लेंगे।'

मद्दुर से विधायक केएम उदय ने कहा कि विधायकों ने आलाकमान से मंत्रिमंडल फेरबदल के दौरान नए चेहरों और युवाओं को मौका देने का अनुरोध किया है और उन्हें संकेत मिले हैं कि इस पर विचार किया जाएगा। शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग पर उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा और सभी उसका पालन करेंगे।

### शिवकुमार ने छेड़ी सीक्रेट डील की चर्चा

शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री बदलने के मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर बात नहीं करना चाहते, क्योंकि यह पार्टी में चार-पांच लोगों के बीच एक 'गुप्त समझौता' है. और उन्हें अपनी अंतरात्मा पर भरोसा है।

# प्रेप्ज़र ने भारत का सबसे किफायती और पहला इमोशन-इंटेलिजेंट प्रतियोगी परीक्षा तैयारी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया

**✷ एनसीआर टुडे. लखनऊ ✷**

प्रेप्ज़र, भारत का नया अग्रणी एग्ज़ाम प्रेपरेशन प्लेटफ़ॉर्म, अपने सरल, संगठित और अत्यधिक प्रभावी AI-संचालित लर्निंग सिस्टम को देशभर में लॉन्च करने की घोषणा करता है जिसका उद्देश्य हर छात्र को गुणवत्तापूर्ण परीक्षा तैयारी सुलभ कराना है।

आज के छात्रों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है: बिना प्लान की पढ़ाई, उलझन भरी सामग्री, भारी सिलेबस, लगातार तनाव और पारंपरिक कोचिंग सेंटरों की महंगी फीस। प्रेप्ज़र को इन्हीं समस्याओं को हल करने और हर छात्र को स्पष्ट, संरचित और किफायती परीक्षा तैयारी का मार्ग देने के लिए बनाया गया है।

NEET मेडिकल एंट्रेंस और स्कूल ओलंपियाड्स की केंद्रित तैयारी से शुरुआत करते हुए, प्रेप्ज़र यह सुनिश्चित करता है कि बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों और ग्रामीण भारत तक हर छात्र को संरचित मार्गदर्शन, स्पष्ट लर्निंग पाथ और विश्वसनीय सहायता मिले जिससे वे आत्मविश्वासी बनें और परीक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें। प्रेप्ज़र एक सरल विश्वास पर बनाया गया है हर छात्र एक स्पष्ट राश्ते, सही मार्गदर्शन और सफल होने के आत्मविश्वास का हकदार है। प्लेटफ़ॉर्म प्रत्येक छात्र के लिए व्यक्तिगत अध्ययन प्रवाह तैयार करता है जिससे वे अवधारणाओं को बेहतर समझें, स्मार्ट अभ्यास करें और लगातार परीक्षा-तैयार बने रहें। अमित सिंह, संस्थापक एवं CEO, प्रेप्ज़र संस्थापक ने कहा - हमने प्रेप्ज़र को भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तरीके में सार्थक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से बनाया है। प्रेप्ज़र में हमारा मिशन साफ़ है सीखने को सचमुच व्यक्तिगत, आकर्षक और परिणाम-केंद्रित बनाना। हम हर छात्र को निष्पक्ष रूप से सही उपकरण, सही मार्गदर्शन और सही समर्थन प्रदान कर, उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने परीक्षा लक्ष्यों तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

मुख्य विशेषताएं - AI इंटरैक्टिव वीडियो टीचर्स




,स्मार्ट कॉन्सेप्ट कार्ड्स और आसान व्याख्यात्मक वीडियो ,एडाप्टिव प्रैक्टिस, PYQs और ऑटो-जनरेटेड वर्कशीट्स ,एग्ज़ाम रेडीनेस स्कोर ,डेली स्टडी प्लान और हैबिट ट्रैकिंग ,क्षेत्रीय भाषाओं में पूर्ण सपोर्ट (हिंदी, बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, उर्दू, ओड़िया और अंग्रेज़ी)

प्रेप्ज़र संगठित और विश्वसनीय सीखने को हर छात्र के लिए सुलभ बनाता है — न कि सिर्फ उन्हें जो महंगी कोचिंग ले सकते हैं। यह छात्रों को एक साथ सीखने की सुविधा भी देता है। दोश्त स्टडी ग्रुप बना सकते हैं, बैच एक टीम की तरह तैयारी कर सकते हैं, और सभी अपनी प्रगति एक ही स्थान पर ट्रैक कर सकते हैं।

स्कूल भी प्रेप्ज़र को अपने एग्ज़ाम प्रेप पार्टनर के रूप में उपयोग कर सकते हैं — जिससे पूरी कक्षा को स्मार्ट स्टडी प्लान्स, AI-आधारित मूल्यांकन और सरल प्रदर्शन विश्लेषण मिल सके।

NEET मेडिकल तैयारी हर उभरते डॉक्टर के लिए बनाई गई - NEET प्रोग्राम में शामिल हैं: पूरा सिलेबस कवरेज ,डेली स्टडी प्लान ,चैप्टर टेस्ट, मॉक टेस्ट और फुल-लेंथ पेपर्स ,बायोलॉजी, केमिस्ट्री और फिजिक्स के विज़ुअल साइंस लैब्स ,ताकत और कमज़ोरियों का रियल-टाइम विश्लेषण ,दोश्तों, ग्रुप्स और स्कूलों के लिए बैच मैनेजमेंट, डाउट सपोर्ट और स्टेप-बाय-स्टेप सुधार योजनाएँ

प्रेप्ज़र हर NEET उम्मीदवार को समान प्रतिस्पर्धा का मौका देता है — चाहे वे मेट्रो शहर से हों या किसी सुदूर गांव से। Cipher League 5वीं से 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए प्रेप्ज़र का ओलंपियाड प्रोग्राम Cipher League, प्रेप्ज़र की स्कूल छात्रों (कक्षा 5–10) के लिए समर्पित ओलंपियाड पहल है, जिसमें शामिल हैं: गणित ,विज्ञान Cipher League समस्या-समाधान कौशल को बेहतर बनाती है और भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रारंभिक आत्मविश्वास विकसित करती है

छात्रों को मिलता है: डिजिटल सर्टिफिकेट ,व्यक्तिगत प्रदर्शन सारांश, कॉन्सेप्ट-लेवल इनसाइट्स .राष्ट्रीय रैंकिंग

## भूखंड के नाम पर नौ लाख रुपये हड़पे

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। टीला मोड़ थाना क्षेत्र में भूखंड बेचने के बहाने नौ लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। मामले में अदालत के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। दिल्ली के अशोक नगर में रहने वाले महेंद्र सिंह राजपूत के अनुसार उन्होंने संजय शर्मा के जरिए प्रवेश, लोकेश और जसवती उर्फ जस्सी से जनवरी 2017 में एक भूखंड का सौदा किया था। सौदा 36 लाख रुपये में तय हुआ था और नौ लाख रुपये एग्रीमेंट के साथ बयाना के रूप में दिए गए थे। अब वह न तो रजिस्ट्री कर रहे हैं और न ही रुपये वापस दे रहे हैं। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महेंद्र ने मामले में अदालत में याचिका लगाई। अदालत ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। सीओ शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह के अनुसार मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## महिला और युवक से मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। नगर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बदमाशों ने महिला समेत दो लोगों से मोबाइल लूट लिए। घटना के संबंध में पीड़ितों ने थाने में शिकायत दी। थाना बरखेड़ा जिला पीलीभीत के गांव कटकवारा में रहने वाले उमाशरण का कहना है कि वह वर्तमान में एबीईएस कॉलेज के पास ढुंडाहेड़ा में रहते हैं। 24 नवंबर की रात लालकुआं से चौधरी मोड़ की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बदमाश आया और उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि मोबाइल के कवर में उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी रखा था, जो मोबाइल के साथ ही चला गया। उन्होंने 25 नवंबर को नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। दूसरे मामले में भवदीप कौर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि आठ नवंबर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के बाहर खड़ी थी, इसी दौरान स्कूटी पर एक युवक आया और उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गया। उन्होंने शोर मचाते हुए पीछा भी किया, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आ सका। उन्होंने 25 नवंबर को नगर कोतवाली में शिकायत दी। सीओ कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि केस दर्ज कर बदमाश को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

## तमंचा लेकर घूम रहा युवक दबोचा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। सीओ कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि कविनगर पुलिस की टीम मंगलवार शाम बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। एक युवक पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगा। तलाशी लेने पर उसके पास तमंचा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान पटियाली कासगंज के गांव नगला चक निवासी विभोर उर्फ विवेक यादव के रूप में हुई, जो वर्तमान में कविनगर थानाक्षेत्र के प्रताप नगर में रहता है।

## घर से 11 तोले सोने के जेवरात और 25 हजार रुपये नकद चोरी

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷। क्षेत्र के गांव सीकरी बुजुर्ग गांव में एक घर से 11 तोले सोने के जेवरात और 25 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। यह घटना मंगलवार रात करीब आठ बजे हुई। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है, जिसने जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी सुप्रिया त्यागी पत्नी जयवर्धन त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके घर में मरम्मत का काम चल रहा था और कुछ मजदूर काम कर रहे थे। पिछले कई दिनों से उनकी अलमारी की चाबी नहीं मिल रही थी। सुप्रिया त्यागी ने बताया कि जब उन्होंने अलमारी के नीचे लॉकर में चाबी लगी देखी, तो उन्हें कुछ शक हुआ। अलमारी खोलने पर उसमें रखे 11 तोले सोने के जेवरात और 25 हजार रुपये नकद गायब मिले। इस घटना के बाद घर में हड़कंप मच गया। सुप्रिया त्यागी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक कुलजीत सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# जीडीए ने ग्रीन बेल्ट भूमाफिया से मुक्त कराई

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

जीडीए पर्वतन जोन 5 क्षेत्र तिगड़ी गोल चक्र के पास जीडीए की ग्रीन बेल्ट की भूमि पर भूमाफिया द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर दुकानों को सील किया गया था लेकिन अभी 7 दिन भी नहीं बीते दबंगों ने सील लगी दुकान फिर से खोली कर जीडीए अधिकारियों को खुली चुनौती दी है।

गाजियाबाद जीडीए पर्वतन जोन 5 क्षेत्र तिगड़ी गोल चक्र के पास जीडीए की ग्रीन बेल्ट की भूमि पर भूमाफिया द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया था, जिसको पूर्व जीडीए वीसी एवं डीएम राकेश सिंह, के कड़े निर्देश के बाद जीडीए के पूर्व तहसीलदार दुर्गेश सिंह, OSD सुशील कुमार चौबे, जीडीए इंजीनियर विभाग के पूर्व Ae प्रशांत गौतम, सदर तहसील के एसडीएम विनय कुमार, कांगो लेखपाल और उनकी टीम, जीडीए जॉन 5 की टीम, जीडीए पुलिस बल और स्थानीय पुलिस बल की मजबूती में ध्वश्तीकरण किया गया था, लेकिन इन सब अधिकारियों के जाने के बाद भूमपियों ने लगातार अवैध कब्जा करना शुरू कर लिया, जिसकी शिकायत लगातार जीडीए के उच्चअधिकारियों को की जाती रही, लेकिन किसी भी अधिकारी ने भूमाफिया को रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई , जीडीए में जब से सचिव का राजेश कुमार ने संभाला है तभी से दबंग लोग सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने में लगातार कामयाब रहे, कई बार जीडीए को शिकायत भी की गई, पूर्व जीडीए वीसी अतुल वत्स को जब लिखित शिकायत सबूतों सहित दो गई तो उन्होंने हमारे सामने जीडीए सचिव को मार्क कर करवाई करने के लिया कहा, जीडीए वीसी के सामने तो सचिव बोले जल्दी ही निरीक्षण करने के बाद कारवाही करवाते है।

लेकिन जब कोई जीडीए द्वारा करवाई नहीं हुई तो फिर जीडीए सचिव के ऑफिस में जाकर उनसे मिले तो उन्होंने कहा कि मैं इन दबंग लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकता आपको मेरी शिकायत जहां करनी है कर लीजिए, फिर हम अगले दिन पूर्व जीडीए वीसी अतुल वत्स से मिलने उनके ऑफिस गए और उन्हें बताया कि सचिव बोल रहे है कि मैं उन दबंग लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकता आप मेरी शिकायत जहां मर्जी कीजिए, फिर उन्होंने कहा अब हम आपकी शिकायत अपर सचिव प्रदीप कुमार को देते है उन्होंने अपने दफ्तर से कर्मचारी को बुलाया और कहा आप इन्हें अपर सचिव के पास लेकर जाओ और बताओ ,फिर हम अपर सचिव से मिले , उन्होंने कहा हम निरीक्षण करने के बाद जल्द कार्रवाई करवाते हैं, पूर्व जीडीए वीसी वत्स ने माना था कि यह भूमि जीडीए की है,जल्द ही कार्रवाई करके कब्जा मुक्त कर जाएगा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 नवंबर को करेंगे गुफा मंदिर का लोकार्पण

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

तरुणसागरम, बसंतपुर सेंतली, दिल्ली–मेरठ मार्ग स्थित मुरादनगर क्षेत्र में भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक एवं नवनिर्मित गुफा का भव्य उद्घाटन समारोह 27 नवम्बर 2025 को प्रस्तावित है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक गणमान्य अतिथियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को देखते हुए पुलिस कमिश्नर श्री जे० रविंद्र गौड़ एवं जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। पुलिस कमिश्नर महोदय एवं जिलाधिकारी महोदय ने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग से लेकर श्रद्धालुओं की आवाजाही तक सभी बिंदुओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के लिए साफ–सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएँ, अग्नि सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा मंच व्यवस्था जैसे सभी कार्य समय से पूर्ण कराए जाएँ।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम है, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर पूरी तैयारी सुनिश्चित करें।

# सीएम के दौरे को लेकर 10 थानाक्षेत्र नो-ड्रोन जोन घोषित

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



मुख्यमंत्री के गुरुवार को प्रस्तावित दौरे को देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने दस थाना क्षेत्रों को नो-ड्रोन/अस्थायी रेड जोन घोषित किया है।

इस संबंध में एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था द्वारा बुधवार को निषेधाज्ञा लागू की गई, जो 27 नवंबर की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगी। पुलिस के मुताबिक मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर कमिश्नरेट में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

मुरादनगर, मसूरी, वेवसिटी, कविनगर, मधुबन बापूधाम, सिहानी गेट, नंदग्राम, इंदिरापुरम, कौशांबी और साहिबाबाद थानाक्षेत्र को पूरी तरह नो-ड्रोन/अस्थाई रेड जोन घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की उड़ने वाली वस्तु पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। मीडियाकर्मियों और आयोजकों के लिए निर्देश जारी किया गया है कि यदि वह प्रतिबंधित क्षेत्रों में ड्रोन से फोटो या वीडियो लेना चाहते हैं, तो उन्हें स्थानीय थाने को ड्रोन व ऑपरेटर का पूरा विवरण देना होगा।

संबंधित पुलिस उपायुक्त से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अनुमति मिलने पर ही ड्रोन का उपयोग किया जा सकेगा। कमिश्नरेट के सभी सरकारी प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी डीसीपी की अनुमति के बिना ड्रोन के संचालन प्रतिबंध रहेगा।

एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति या समूह द्वारा आदेश का उल्लंघन करते हुए ड्रोन या अन्य उड़ने वाली वस्तु उड़ाई गई तो उसे तत्काल नष्ट कर दिया जाएगा और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जामिआतुल अबरार मदरसा के सातवीं कक्षा के छात्र सुनाई कुरआन

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

नगर के जामिआतुल अबरार मदरसे में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मदरसे की सातवीं कक्षा के होनहार छात्र मोहम्मद फुआद 12 वर्ष मुरादाबादी ने अपने उश्ताद के सामने एक ही बैठक में पूरा हिफ़्ज़-ए-क़ुरआन सुना कर अद्भुत उपलब्धि दर्ज़ की।

कार्यक्रम में मौजूद उलेमा व गणमान्य लोगों ने छात्र की भरपुर सराहना की। छात्र के पिता मौलाना मोहम्मद फ़ैसल मशहूद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जामिआतुल अबरार के संस्थापक मुफ़्ती फहीम अहमद नगीनवी ने मुस्लिम समाज़ को एक ऐसा उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान प्रदान किया है, जहाँ बच्चे दीन के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा में भी नम्बर वन बनते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थापक हर छात्र का ध्यान एक पिता की तरह रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान शेख शाहनवाज़ खलील चैयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष ने भी अपने विचार रखते हुए जामिआ को एक अनोखा और श्रेष्ठ संस्था बताया। उन्होंने कहा, "जामिआतुल अबरार हमारे शहर के लिए गर्व का विषय है।" इसके बाद संस्थापक हज़रत मुफ़्ती फहीम अहमद नगीनवी ने अपने संबोधन में इस सफलता को शिक्षकों की मेहनत, छात्रों की लगन और जामिआ के उच्च शैक्षिक मैयार का परिणाम बताया।

कार्यक्रम का संचालन मुफ़्ती अनस बिजनोरी (डायरेक्टर, मरकज़ दारुल ईमान, अलीपुरा जट) ने किया। समारोह में कई सम्मानित व्यक्तित्व मौजूद रहे, जिनमें कारी मोहम्मद यासीन (प्रधान शिक्षक, मदरसा फ़ख़रुल उलूम गानोड़ी), मशहूद अख्तर, हाजी बुरहान शम्सी अकबरी मुरादाबाद, मोहम्मद जावेद एडवोकेट, मोहम्मद शाकिर, राशिद उस्मानी, मोहम्मद एजाज़ उर्फ़ गड्डू, सैय्यद ज़ुबैर ज़ैदी, मास्टर इज़हार, जनाबे फ़ैज़ान एडवोकेट, मोहम्मद दानिश, कैसर हुसैन उर्फ़ पप्पू, मोहम्मद अहमद, तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम दुआ के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एटीएम पर युवती के साथ धोखाधड़ी पुलिस सक्रिय

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷

नगर में भारतीय स्टेट बैंक के सामने स्थित एटीएम पर एक युवती के साथ धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। कस्बा झालू के मोहल्ला मिर्दगान निवासी बुशरा, पुत्री शकील अहमद, सोमवार को एटीएम से पैसे निकालने पहुँची थीं।

इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने जल्दी पैसे निकालने का दबाव बनाते हुए हड़बड़ी में उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद पीड़िता के मोबाइल पर 9,000 रुपये की निकासी का संदेश आया, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार और उनकी टीम हरकत में आ गई। पुलिस ने घटना को गंभीर मानते हुए तुरंत मौके पर पहुंचकर आसपास के एटीएम की सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि पुलिस पीड़ित परिवार को पूरा सहयोग दे रही है और आरोपी को पकड़कर सख्त कार्रवाई करना प्राथमिकता है।

# अधिवक्ताओं ने कार्य नहीं किया, हाईकोर्ट की बेंच की मांग

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच की मांग को लेकर बुधवार को कचहरी के अधिवक्ताओं ने कार्य नहीं किया। अधिवक्ता कचहरी में एकत्र होकर सांसद अतुल गर्ग के कवि नगर स्थित आवास पर अपनी मांगों का ज्ञापन देने के लिए पहुंचे।

उनके जिले से बाहर होने पर अधिवक्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर संसद सत्र में मांग उठाने की मांग की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट बेंच स्थापना संघर्ष समिति मेरठ के आह्वान पर मंगलवार को निर्णय लिया गया था कि बुधवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच की स्थापना की मांग को लेकर शहर के सांसद को ज्ञापन दिया जाएगा। इस लेकर कचहरी के अधिवक्ता बुधवार को सुबह 11 बजे सभागार में एकत्र हुए। इसके बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ता पैदल यात्रा कर सांसद अतुल गर्ग के घर की ओर रवाना हुए।

बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी ने बताया कि पिछले कई सालों से अधिवक्ता पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना की मांग कर रहे हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में कचहरी के अधिवक्ता सांसद अतुल गर्ग के घर ज्ञापन सौंपने के लिए गए।

सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल को ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव वरुण त्यागी ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच की स्थापना होने से सहूलियत होगी। वहीं, कचहरी से बड़ी संख्या में अधिवक्ता पैदल ही सांसद अतुल गर्ग के आवास पर ज्ञापन देने के लिए लिए निकले थे। जिसके चलते कलेक्ट्रेट के सामने करीब पांच मिनट तक जाम की स्थिति बन गई।

# एनसीआर को आर्थिक के साथ सामाजिक न्याय का भी केंद्र बनाना है: असीम अरुण

**मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी विश्वविद्यालय में आयोजित राइज इन इंडिया प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि बोले राज्यमंत्री**

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी विश्वविद्यालय में आयोजित राइज इन इंडिया प्रदर्शनी में बुधवार को पहुंचे राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि एनसीआर को केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का भी केंद्र बनाना है।

प्रदर्शनी के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि गाजियाबाद, नोएडा और एनसीआर में बहुत तेज प्रगति हुई है। पांच-पांच करोड़ के फ्लैट बन रहे हैं, इंडस्ट्री बन रही हैं। लोग काम करने आ रहे हैं।

एयरपोर्ट भी हमारा तैयार हो रहा है, लेकिन मजदूर वर्ग कहां रहेगा, उस पर भी काम किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून बनाया है कि जितने भी फ्लैट बन रहे हैं, उसके अनुपात में ईडब्ल्यूएस फ्लैट भी बनाए जाएंगे और पीएम आवास योजना समेत विभिन्न योजनाओं में ऐसे सैकड़ों फ्लैट तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया को अपनाते हुए जल्द से जल्द एक-एक व्यक्ति को यह आवास आवंटित करने के आदेश दिए हैं, ताकि गाजियाबाद, नोएडा, एनसीआर केवल आर्थिक प्रगति का केंद्र न रहें बल्कि समानता व सामाजिक न्याय का भी केंद्र बने। इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना है।

वहीं, युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस देश में नवाचार होगा वही आगे बढ़ेगा और इस प्रदर्शनी में नवाचार को खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने युवाओं को आगे आकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंत्री असीम अरुण ने विद्यार्थियों समेत सभी उपस्थित लोगों को संविधान में निष्ठा की शपथ भी दिलाई।

वहीं, संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल अग्रवाल ने भी युवाओं को कौशल विकसित कर नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजपाल तेवतिया, पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, गोपाल अग्रवाल, बृजपाल तेवतिया, पवन सहलोत, अंजुल अग्रवाल, राहुल गोयल आदि मौजूद रहे। वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण के लिए एसआईआर जरूरीः एसआईआर पर बोलते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह एक अनिवार्य प्रक्रिया है।

हमारे चुनाव आयोग और संस्थाओं ने अच्छा काम किया है, लेकिन हमारे चुनाव की प्रक्रिया में एक बड़ी कमी अभी भी बची हुई है। वह वोटर लिस्ट की कमी। उसको दूर करने के लिए एसआईआर का कार्य चलाया जा रहा है। इसके तहत किसी और देश से अवैध रूप से आए हुए लोग, जिन्होंने वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा लिया है, इसके शुद्धिकरण के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है, जो पूरे तरीके से पारदर्शी है।

सांस्कृतिक प्रश्तुतियों ने मंत्रमुग्धकिया तीन दिवसीय प्रदर्शनी बुधवार को संपन्न हो गई। इसके साथ संविधान दिवस का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर कलाकारों ने गीत के जरिए संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक योगदान और उनकी उपलब्धियों का बखान किया।

वहीं, राजस्थान नृत्य, सिर पर 19 मटकी रख लोटे पर खड़े होकर और अंगारों पर चलकर नृत्य प्रश्तुति भी दी। इस मौके पर शहीदों के परिजनों और प्रदर्शनी में स्टॉल लगाने वाले डीआरडीओ, इसरो, आयुष मंत्रालय समेत सभी विभागों को और मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मारी, एक घायल

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में सभापुर गांव में आयोजित शादी




समारोह से बुधवार सुबह लौट रहे परिवार की कार में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ड्राइवर चोटिल हो गया।

कार में बैठे परिवार के सदस्य बाल बाल-बच गए। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत भाग गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मेरठ निवासी जयवर्धन गौड़ मंगलवार रात परिवार के साथ ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के सभापुर गांव में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह करीब ढाई बजे परिवार के साथ कार से घर जा रहे थे।

जब कार दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित पंचलोक गांव के सामने पहुंची तो सामने चल रहे वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिस पर ड्राइवर ने कार के ब्रेक लगाए और कार को रोड के नीचे उतारने का प्रयास किया। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इससे कार में बैठे परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए और ड्राइवर चोटिल हो गया।

घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर भाग गया। पंचलोक गांव के लोगों ने सभी को कार से बाहर निकाला और पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने छुट्टी दे दी। सीओ लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर फरार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी है।

# गहने बनाने के लिए दिए दस लाख रुपये हड़पने का आरोप

**थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप सीपी से शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज हुआ**

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



टीला मोड़ थाना क्षेत्र में बेटी की शादी के लिए गहने बनाने के लिए सुनार को दस लाख रुपये देना एक दंपति को भारी पड़ गया। आरोप है कि सुनार ने गहने नहीं दिए और अब रुपये भी वापस करने से इनकार कर रहा है।

पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। टीला मोड़ क्षेत्र के भौपुरा में रहने वाली सीमा पत्नी मोनू के अनुसार उन्होंने गगन विहार में मनीष ज्वैलर्स के संचालक प्रमोद को 27 जुलाई को दस लाख रुपये दिए थे। कुछ समय बाद बेटी की शादी है। आरोप है कि जब वे प्रमोद की दुकान पर गहने लेने गए तो उन्हें बताया गया कि सोना महंगा हो गया है, इसलिए पूरे गहने नहीं बन सकेंगे।

सीमा के अनुसार उन्होंने रुपये वापस देने के लिए कहा तो प्रमोद ने कुछ समय में रुपये वापस करने की बात कही। आरोप है कि अब प्रमोद रुपये वापस करने से इनकार कर रहा है। आरोप है कि प्रमोद उनके पति को छेड़खानी के फर्जी मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दे रहा है।

इस मामले में उन्होंने टीला मोड़ थाने पर शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर टीला मोड़ थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## SIR अभियान में तेजी, अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने वार्ड-6 में संभाला मोर्चा

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷

नगर में चल रहे SIR (सिटिजन इंफॉर्मेशन रजिस्ट्रेशन) अभियान को गति देने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने सोमवार को वार्ड नंबर 6, बूथ संख्या 376 में अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अभियान की प्रगति पर नजर रखी और बीएलओ के साथ मिलकर नागरिकों के SIR फॉर्म भरवाने का कार्य भी किया।

अध्यक्ष चौधरी सुबह से ही वार्ड में पहुंच गए थे। वहां उन्होंने बीएलओ टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और लोगों की समस्याओं को सुनकर तुरंत समाधान कराया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया यह अभियान नागरिकों की मूलभूत जानकारी को अपडेट करने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंच सके।

बीएलओ टीम ने वार्ड में घर-घर जाकर दश्तावेजों की जांच की। कई स्थानों पर नागरिक अधूरे दश्तावेज लेकर पहुंचे थे, जिन्हें तुरंत मार्गदर्शन देकर आवश्यक कागज जमा करवाए गए। अधिकारियों ने मौके पर ही परिवार के सदस्यों का सत्यापन कर SIR फॉर्म कंप्लीट किए। स्थानीय निवासियों ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि अभियान को लेकर प्रशासन की सक्रियता से उन्हें काफी सहूलियत मिल रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि वार्ड का कोई भी पात्र व्यक्ति SIR प्रक्रिया से वंचित न रहे।

## महिला पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷

स्थानीय कस्बे में विवाद के दौरान एक महिला द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता रमा देवी, उपाध्यक्ष प्रखंड मंडावली विश्व हिंदू परिषद, ने थाना हल्दौर में तहरीर देकर आरोपी महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर में रमा देवी ने बताया कि घटना दोपहर करीब एक बजे की है। उनके पति किसी कार्य से डीएम बिजनौर के कार्यालय गए हुए थे। इसी दौरान उनके ऊपर के कमरे में किराए पर रहने वाले नवनीत कुमार की पत्नी मनीषा अचानक उनके घर में आ घुसी। रमा देवी का आरोप है कि मनीषा बेहद आक्रामक होकर जान से मारने की नीयत से उन्हें पकड़कर मारपीट करने लगी। उन्होंने किसी तरह अपने आपको छुड़ाकर घर से बाहर भागकर शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुँचे, जिसके बाद आरोपी महिला वहाँ से चली गई।

# बिजली आंदोलन में नामजद 14 लोग बरी, सारिका चौधरी सहित तीन पर भीड़ उकसाने का आरोप

एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

नगर में करीब 15 साल पहले हुए बिजली आंदोलन के दौरान हुए बवाल के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। मंगलवार को हुई सुनवाई में 14 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया, जबकि सारिका चौधरी, कामरेड अतीक और सलीम को सजा सुनाई गई है।

मालूम हो कि बिजली की समस्याओं को लेकर इंडियन जस्टिस पार्टी नेत्री (वर्तमान आम आदमी पार्टी ) सारिका चौधरी के नेतृत्व में 2010 में धरना प्रदर्शन चल रहा था। धरने के दौरान पुलिस द्वारा सारिका चौधरी को हिरासत में लिए जाने के बाद प्रदर्शनकारी भड़क गए थे। जिसके बाद नहटौर के एजेंसी चौराहे पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें काफी देर तक बवाल चला था। इस घटना के बाद पुलिस ने सारिका चौधरी सहित 26 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए थे। बताया जाता है कि 26 लोगों में से पुलिस ने18 लोगों के खिलाफ कोर्ट में चारसीट दाखिल की थी। इनमें जहीनुद्दीन, कामरेड अतीक, सादिक चांद, नजमी, रियासत बॉन्टिस, मोहम्मद इमरान, रईस आकाशी, अंकुर जैन, राहुल वाल्मीकि, आबिद गुड्डू, सलीम, दिलशाद, गुलशाद, कासिम, निशात और जाहगीर जैदी शामिल थे। पुलिस ने सारिका चौधरी, कामरेड अतीक, निशात और सलीम को गिरफ्तार कर चालान किया था।

करीब 15 वर्षों से इस मामले में कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। सुनवाई के दौरान आरोपी निशात की मौत हो गई थी। एडवोकेट नबील अहमद, एडवोकेट राकेश कुमार व एडवोकेट जाकिर हुसैन ने इस मामले की पैरवी की थी। मंगलवार को स्पेशल ईसी एक्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई।

न्यायाधीश सुबोध सिंह ने 14 लोगों को दोषमुक्त करार दिया। सारिका चौधरी को तीन माह की सजा और पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं कामरेड अतीक और सलीम को छह-छह माह की सजा और छह-छह हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। सजा सुनाएं तीनों लोगों को कोर्ट ने मुचलकों पर जमानत दे दी है।

**आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री है सारिका चोधरी**

बतादे कि वर्तमान में आम आदमी पार्टी की नेत्री हैं सारिका चौधरी आम आदमी पार्टी दिल्ली में सारिका चौधरी की बड़े नेताओं में गिनती होती है। सारिका चौधरी दिल्ली एमसीडी में वार्ड संख्या 142 दरियागंज से पार्षद है। साथ ही आम आदमी पार्टी दिल्ली प्रदेश की महिला विंग की अध्यक्ष है।

इससे पहले सारिका चौधरी आम आदमी पार्टी सरकार में महिला आयोग की सदस्य भी रहीं है। आम आदमी पार्टी से पहले सारिका चौधरी इंडियन जस्टिस पार्टी के शीर्ष नेताओं में शामिल थी। वर्ष 2012 का नहटौर विधानसभा चुनाव भी सारिका चौधरी ने मज़बूती के साथ इंडियन जस्टिस पार्टी के बैनर तले लड़ा था।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** डीयूके अनुभाग की स्काडा प्रणाली का चार वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 74,26,839.36/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 1,48,500/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 08.12.2025 (10.30 बजे) से 22.12.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 22.12.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत :** 07041032 |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in |

सं.: 31A-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक: 25.11.2025 3659/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संविधान की उद्देशिका का पालन करने की ली शपथ

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷।** संविधान दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के नेतृत्व में सेवा भवन में भव्य संविधान की उद्देशिका का पालन करने व हमारा संविधान हमारे स्वाभिमान की शपथ दिलाते हुए नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। नगर आयुक्त ने कहा हमारा संविधान हमारे देश की आत्मा है, और हमें इसकी उद्देशिका का पालन करना चाहिए। नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा "हमें अपने संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। हमें समाज में समरसता और सौहार्द को बढ़ावा देना चाहिए हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है हमें अपने संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। नगर निगम सेवा भवन पार्क में संविधान की उद्देशिका का पाठ किया गया और इसके महत्व को समझने के लिए चर्चा की। इस समारोह में नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी सफाई कर्मचारी शामिल हुए।

## पुलिस कार्मिकों को दिलाई गई शपथ

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷।** संविधान दिवस के अवसर एसएसपी के निर्देशन जनपद के समस्त पुलिस कार्मिकों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं पूर्ण प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई गई। भारत का संविधान अंगीकृत किए जाने की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई । हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता, और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प लेते हैं।

## नवीन पुलिस लाइन में क्रिकेट मैदान का किया उद्घाटन

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷।** एसएसपी द्वारा नवीन पुलिस लाइन छेरत अलीगढ़ परिसर में नवनिर्मित क्रिकेट पिच/मैदान का विधिवत उद्घाटन किया गया, पुलिस कर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य, खेल भावना तथा टीम वर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्मित यह मैदान विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उद्घाटन समारोह के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल न केवल तनाव को कम करते हैं बल्कि पुलिस बल में अनुशासन, समन्वय और आपसी सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने पुलिस लाइन में उपलब्ध कराई जा रही नई खेल सुविधाओं को पुलिसकर्मियों के मनोबल वृद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उद्घाटन के बाद पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की टीमों के मध्य एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी खिलाड़ियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता से मैच खेला गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन, पुलिस अधीक्षक यातायात प्रवीन कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक पाठक, क्षेत्राधिकारी इगलास, सीओ गभाना व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## चोरी करने वाले महिला और उसका साथी दबोचे

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷।** थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा चोरी के प्रकरण मे वाछिंत चल रहे महिला और उसके साथी को मय चोरी किये आभूषण व रुपयें के साथ गिरफ्तार किया गया है। ओहद रेजीडेन्सी फेस तीन पान वाली कोठी से सोने के आभूषण व रुपये चोरी हो जाने के सम्बन्ध में मुकद्दमा दर्ज किया गया था जिसमें वांछित चल रहे अनस पुत्र नफीस निवासी पत्थर वाली गली नं0 दो थाना क्वार्सी,मुस्कान पुत्री मोहम्मद इनाम निवासी बरगद हाउस ख्वाजा अलीम की कोठी थाना सिविल लाइन को मय चोरी किये आभूषण (पीली धातु) चार चूडी, दो कंगन, एक अंगूठी, 01 जोडी टोप्स व 126500 रुपये के साथ थाना क्षेत्र सिविल लाइन से गिरफ्तार किया गया, बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी।

## विधायक की शिकायत पर सीएमओ ऑफिस के बाबू निलंबित

**✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷।** विधान सभा इगलास के विधायक द्वारा स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ सहायक (बाबू) रणधीर चौधरी पर कार्रवाई की डीएम ने शासन से संस्तुति की थी।

# सड़क दुर्घटनाओं एवं आकस्मिक मृत्यु पर व्यस्थाओं में करें सुधार: DM

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷



जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी जिम्मेदारों को इस पर संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है, जोकि समाज पर भी आर्थिक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव छोड़ती है। उन्होंने नगर निगम, लोनिवि, परिवहन एवं यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनहित में सभी प्रकार से आवश्यक कदम उठाते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

जिले में अकराबाद, इगलास एवं टप्पल में चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के इर्द गिर्द वाले हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार से सबन्धित सभी सुविधाओं को सुनिश्चित कराने के साथ ट्रॉमा सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए।

नगर निगम, डीपीआरओ एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह सुनिश्चित कराएं कि सड़कों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था होने के साथ ही सड़क के किनारे कूड़े के ढ़ेर यानी घूरे न डाले जाएं।

भांकरी फलमंडी सड़क चौड़ीकरण का कार्य नुमाइश आरंभ होने से पूर्व पूरा कराने के भी निर्देश दिए गए।

डीएम ने एआरएम रोड़वेज़ को सख्त लहज़े में निर्देशित किया कि सूतमिल चौराहा पर रोडवेज बसों द्वारा बाहर सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरना तत्काल बंद कराया जाए, इससे यातायात बाधित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना रहती है। उन्होंने एआरएम को निर्देशित किया कि वह खुद खड़े होकर व्यवस्थाओं में सुधार लाएं।

बैठक में सड़कों की जर्जर हालत पर भी गम्भीर चिंता व्यक्त की गई। डीएम ने कहा कि नगर क्षेत्र में भी सड़कों का बुरा हाल है, सभी कट मरम्मत योग्य हैं, कार्यों में लेटलतीफी का खामियाजा जनता और जिला पुलिस प्रशासन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने नगर निगम को निर्देशित किया कि वह सड़क सुरक्षा टीम गठित कर दुर्घटनाओं को कम से कमतर करने के लिए हरसंभव ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। जिले की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा में पाया गया कि माह अक्टूबर 2024 में 82 सड़क दुर्घटनाओं में 41 आकस्मिक मृत्यु हुईं, वहीं माह अक्टूबर 2025 में 132 सड़क दुर्घटनाओं में 57 लोक काल कल्वित हो गए।

विगत वर्ष जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 तक 778 सडक दुर्घटनाएं हुई वहीं जनवरी 2025 से अक्टूबर 2025 तक 1002 दुर्घटनाएं हुईं।

लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाने के दौरान घटित सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की सख्या में 20.74 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ इस वर्ष अक्टूबर तक 482 लोग अपनों से हमेशा के लिए बिछड़ गए। सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं 145 नेशनल हाइवे पर, 125 स्टेट हाइवे पर दर्ज की गईं।

बैठक में एडीएम सिटी, एसपी ट्रैफिक, आरटीओ, एआरटीओ, अधिशासी अभियंता लोनिवि, डीपीआरओ समेत एनएचएआई एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने शराबियों का अड़्ड़ा बने प्रेस क्लब के पास अवैध दुकानों को कराया बंद

**खबरों का एसएसपी नीरज जादौन ने लिया संज्ञान**




✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

वर्षों से शराबियों के अड्डों को हटाने की प्रकाशित खबरों पर आज तक किसी भी एसएसपी ने संज्ञान लेकर कोई कार्यवाही नहीं कि लेकिन युवाओं को प्रेरणा देने वाले एससपी नीरज जादौन ने ऐसा संज्ञान लिया कि जड़ से लेकर बुनियाद तक खोदते हुये उन्हें वर्दी का अहसास करते हुये काफी ढ़ेर सारी बधाई और शुभकामनाएं लूटी हैं।

ऐसे पुलिस कप्तान को सलाम है कि जिसने पत्रकारों के प्रेस क्लब को शराबियों के अड्डे से मुक्त कराया है वह वाकई पत्रकारों के हित और जनता के लिये सराहनीय कार्य किया है।

तस्वीर महल स्थित पुलिस लाइन के सामने शराब के ठेके पर खुलेआम शराब पीने की शिकायत लगातार समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। शिकायत मिलने पर एसएसपी नीरज कुमार जादौन सादे कपड़ों में पहुंचे। उन्होंने मौके पर शराब की बोतलें और गिलास फेंक दिए, जिसके बाद शराब पी रहे लोग भाग गए। ठेके का लाइसेंस निरश्त कराने के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

**प्रेस क्लब के पास झलक रहे थे जाम**

एसएसपी नीरज कुमार जादौन की सादे कपड़ों में अपने बेटे को लेकर एक फिजियोथेरेपिस्ट के पास गए थे। लौटते वक्त किसी ने उन्हें शिकायत करते हुए ठेके के सामने खुलेआम शराब पीने की सूचना दे दी।

फिर क्या, फैमिली कार से सरकारी आवास लौट रहे कप्तान की गाड़ी उस ठेके की ओर मुड़ गई। निजी कार्य के लिए जाने पर वह स्काट को भी साथ नहीं रखते हैं। जैसे ही शाम करीब साढ़े सात बजे उनकी गाड़ी पुलिस लाइन के सामने रुकी। वे उतरकर उसी गैलरी में पहुंच गए। टेबल पर शराब की बोतल और गिलास में पैक भरे थे। यह देख वह एक्शन में आ गए।

एसएसपी नीरज जादौन ने टेबल पर रखे वे गिलास और बोतलें फेंक दी। इस पर शराब पी रहे लोग उन्हें पहचान नहीं सके और पूछने लगे कि कौन हो तुम। कप्तान ने भी अपना तुरंत परिचय देते हुए कहा एसएसपी। उसके बाद तो खलबली मच गई। शराब पी रहे लोग वहां से उठकर पतली गली निकलने लगे। फिर कप्तान शराब की दुकान पर पहुंचे और बंद करने को कहा।

ब्लैक हुडी कपड़ों में आए एसएसपी को नहीं पहचाना। बाद में जब उन्हें भी पता चला तो पसीने छूट गए। करीब 15 मिनट तक कप्तान वहीं थे, उसके बाद सीओ सर्वम सिंह और सिविल लाइन पुलिस फोर्स पहुंच गई।

फौरन कार्रवाई करते हुए नगर निगम के वाहन बुलाकर गैलरी में मौजूद दो डीफ्रिज, टेबल आदि सामान को जब्त कर लिया गया।

**इनका कहना है..**

एसएपी नीरज जादौन अपने निजी कार्य से बेटे को लेकर लौट रहा थे। पुलिस लाइन गेट के सामने शराब के ठेके पर खुलेआम शराब पिलाए जाने की शिकायत मिली थी।

मौके पर पहुंचा तो शिकायत सही पाई गई। उसे बंद कराया गया। लाइसेंस निलंबन के लिए रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी।

# स्मार्ट सिटी का नया लैंडमार्क फूड प्लाज़ा बना परिवारों और युवाओं का नया घूमने का अड्डा

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

स्मार्ट परियोजनाओं, विकास और आधुनिक सुख सुविधाओं से विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने की दिशा में महापौर प्रशांत सिंघल ,कमिश्नर संगीता सिंह व नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के सार्थक प्रयासो से राजस्व मॉडल पर आधारित पहले फ़ूड प्लाज़ा की सौग़ात मिल गयी है।

नगर निगम व अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में विकसित की जा रही बहुप्रतीक्षित एवं जनउपयोगी परियोजनाओं के क्रम में लाल डिग्गी मार्ग पर फूड प्लाज़ा अब शहरवासियों के लिए आकर्षक, आधुनिक तथा स्वच्छ खानपान के सेंटर पॉइंट के रूप में उपलब्ध हो गया है। बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ अलीगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह महापौर प्रशांत सिंघल , कमिश्नर संगीता सिंह नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा पार्षद नईम अहमद, विनीत यादव, इमरान वरिष्ठ भाजपा नेता शिव नारायण शर्मा के कर कमलों से पहले फ़ूड प्लाजा का शुभारंभ हुआ। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि नव-विकसित फूड प्लाज़ा में कुल 18 सुव्यवस्थित दुकानें, सुंदर सजावटी फाउंटेन, आकर्षक लैंडस्केपिंग तथा आगंतुकों के आराम के लिए बड़ा ओपन-सीटिंग एरिया तैयार किया गया है। संपूर्ण परिसर को आधुनिक-डिज़ाइन के अनुरूप विकसित करते हुए उच्च गुणवत्ता वाली प्रकाश व्यवस्था, सुविधाजनक पैदल मार्ग, वर्षा से बचाव हेतु शेडेड ज़ोन, तथा दिव्यांगजन के अनुकूल पहुंच सुनिश्चित की गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर में जल्द अलग अलग जगह इसी मॉडल के फ़ूड प्लाज़ा बनाये जाने के लिए-नगर निगम संपत्ति विभाग फ़ूड प्लाजा का सर्वे की रिपोर्ट देगा उसी के आधार पर जल्द अलग अलग जगहों को चिन्हित कर प्रशताव तैयार कराया जाएगा। उन्होंने कहा स्वच्छता, सुरक्षा और स्मार्ट डिज़ाइन के फ़ूड प्लाज़ा से नागरिकों को परिवार सहित सुरक्षित फ़न व फ़ूड की व्यवस्था जल्द मिलेंगी।

**राजस्व मॉडल पर होगा फ़ूड प्लाजा**

नगर आयुक्त ने बताया कि फ़ूड प्लाजा पूर्णतः राजस्व मॉडल पर आधारित है इसके संचालन का दायित्व त्वलंसेजंत फर्म को सौंपा गया है, जिसके माध्यम से अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड को प्रतिवर्ष लगभग 3,60,00,000 का राजस्व प्राप्त होगा। यह राजस्व शहर के अन्य विकास कार्यों और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को मज़बूती प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, फूड प्लाज़ा परिसर में पब्लिक सुविधाएँ, पीने के पानी की व्यवस्था, सुरक्षा निगरानी प्रणाली, तथा लोडिंग/अनलोडिंग के लिए पृथक ज़ोन विकसित किया गया है, ताकि परिसर का संचालन सुचारू और बाधा रहित रूप से हो सके।

## चारों ओर गरजा महाबली अतिक्रमण को किया ध्वस्त

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के शहर को जाम मुक्त बनाने की दिशा मे नगर निगम द्वारा शहंशाहबाद रोड के चारो ओर अतिक्रमण अभियान चलाया गया जिसमे सड़क किनारे स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण नगर निगम के महाबली ने ध्वश्त किया। अतिक्रमण करने पर 36 हजार रूपये का जुर्माना भी वसूल किया।


नगर आयुक्त ने कहा शासन के निर्देशों के क्रम में अलीगढ़ नगर निगम द्वारा जिन स्थानों से अतिक्रमण को हटवाया जा रहा है उसकी नियमानुसार सूची बनाकर पत्र सहित संबंधित थाने को उपलब्ध कराई जा रही है ताकि दोबारा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न ना हो। नगर आयुक्त ने कहा जो लोग सड़क या सड़क किनारे फुटपाथ की पटरी पर अतिक्रमण किया है वो तुरंत हटा ले अन्यथा की स्थिति मे नगर निगम द्वारा उनका सामान जब्त कर एवं भारी जुर्माना वसूला जायेगा, वहीं नगर आयुक्त ने साफ शब्दों में कहा शहर की साफ सफाई जल निकासी और ट्रैफिक व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध नगर निगम सख्ती से कार्रवाई भी करेगा।

# प्रदेश में ठंड और कोहरे का अलर्ट, दो दिन के बाद यू-टर्न लेगा मौसम

**लखनऊ, एजेंसी।** ठंडी और शुष्क पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के तापमान में पिछले कुछ दिनों से गिरावट महसूस की जा रही है। एक-दो दिन और मामूली गिरावट के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन बाद से तापमान में आ रही गिरावट थम सकती है और इसके बाद तापमान में आंशिक वृद्धि भी दर्ज की जा सकती है। प्रदेश में बुधवार को दिन के तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट के आसार हैं। सुबह कोहरा रहेगा और दिन में कई जगह धुंध बनी रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में इस समय कोई सक्रिय तंत्र नहीं है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट का क्रम जारी है और बुधवार व बृहस्पतिवार को भी यह जारी रह सकता है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एक-दो दिन के दौरान तापमान में मामूली गिरावट के बाद इसमें क्रमिक बढोतरी के साथ कोहरे में घनत्व में थोड़ी कमी आने से कुछ स्थानों पर सुबह हल्का से मध्यम कोहरा पड़ने की संभावना है।

**इन जगहों पर ज्यादा कोहरा :** दिन चढ़ने पर कोहरा छंटने के बावजूद धुंध बनी रहने के आसार हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह बरेली और कुशीनगर में 400 मीटर की न्यूनतम दृश्यता के साथ मध्यम कोहरा दर्ज की किया गया। गोरखपुर, आगरा, मुरादाबाद, अयोध्या, वाराणसी, आजमगढ़, अलीगढ़, अमेठी, बलिया एवं प्रयागराज में भी हल्का कोहरा दर्ज किया गया। आगरा, गोरखपुर और अलीगढ़ में दृश्यता 500 मीटर जबकि लखनऊ में दृश्यता 1000 मीटर दर्ज की गई।



मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को दिन के तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट हो सकती है। बुधवार से रात के तापमान में भी कमी आ सकती है। शुक्रवार से तापमान में आंशिक वृद्धि के आसार हैं।

**कोहरे से विमानों के संचालन पर पड़ा असर:** मंगलवार को कोहरे के कारण विमान संचालन पर असर पड़ा। अमौसी एयरपोर्ट पर एक दर्जन से अधिक विमान लेट हुए। यात्रियों को एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा। सबसे अधिक दिक्कत जयपुर जाने वाले यात्रियों को हुई। इंडिगो की उड़ान 6ई-7027 लखनऊ से शाम 7:30 बजे की जगह रात 10:55 बजे रवाना हो सकी। यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करते रहे। सोमवार को भी यह विमान डेढ़ घंटे की देरी से रवाना हो सका था। इसी प्रकार चंडीगढ़ जाने वाला विमान 6ई-6552 समय से 45 मिनट, 6ई-118 पुणे का विमान 50 मिनट, 6ई-5201 मुंबई का विमान 1:15 घंटे, 6ई-6166 हैदराबाद का विमान एक घंटे, 6ई-6615 दिल्ली का विमान 1:45 घंटे की देरी से उड़ान भर सका। किशनगढ़ से लखनऊ आने वाला विमान ओजी-222 समय से 31 मिनट, 6ई-2159 दिल्ली-लखनऊ 34 मिनट, 6ई-935 अहमदाबाद-लखनऊ 41 मिनट, 6ई-6552 गुवाहाटी-लखनऊ 31 मिनट, एआइ-1720 दिल्ली-लखनऊ 1:30 घंटे की देरी से लखनऊ पहुंचा।

## 12 साल में डॉ. शाहीन ने नहीं किया फोन, नोटिसों का जवाब भी नहीं दिया-फिर हो गई थी बर्खास्तगी

**कानपुर , एजेंसी।** दिल्ली विस्फोट में फंसी डॉ. शाहीन सईद के आने की खबर से एलपीएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में चर्चाएं गर्म रहीं। परिसर में रहने वाले चिकित्सा शिक्षकों का कहना था कि वर्ष 2013 के बाद डॉ. शाहीन ने किसी को एक फोन तक नहीं किया। विभाग के डॉक्टरों से भी बात नहीं की। वह कहां है और क्या कर रही है... यह भी किसी को नहीं बताया।

मंगलवार को खुफिया एजेंसियों के डॉ. शाहीन को कॉलेज परिसर लाने की चर्चा रही। फार्माकोलॉजी विभाग और परिसर में फिर से डॉ. शाहीन के संबंध में बातों का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों का कहना था कि शुरू से ही डॉ. शाहीन के घर आने-जाने वालों की संख्या कम रही है। एक-दो लोग ही उसके घर जाते रहे। इसके अलावा पारिवारिक मामलों को उसने किसी से कभी शेयर नहीं किया। विभाग के चिकित्सा शिक्षकों से सीमित बातें करती रही। कॉलेज परिसर में रह रहे लोगों ने बताया कि जब वर्ष 2013 में डॉ. शाहीन गायब हुईं, तो किसी को कुछ पता ही नहीं चला। फोन मिलाने पर फोन अटैंड नहीं हुआ फिर फोन स्विच ऑफ हो गया। विभाग में अनुपस्थित रहने के बाद कॉलेज प्रबंधन को सूचना दी गई। इस पर जो पता लिखाया गया था उस पर कई नोटिस भेजी जाती रहीं।

## बाइक सवार दोस्तों को डंपर ने मारी टक्कर, एक की मौत

**फतेहपुर।** शादी समारोह से वापस लौट रहे बाइक सवार दोस्तों को सोमवार देर रात डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक दोस्त की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया। डंपर चालक फंसी बाइक को 20 मीटर तक घसीटता ले गया। घायल को जिला अस्पताल से कानपुर हैलट रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी दशरथ सिंह (20) दोस्त चांदपुर थानाक्षेत्र के देवचली गांव निवासी राहुल कुमार (26) के साथ शादी समारोह में शामिल होने लदिगवां गया था। शादी में शामिल होने के बाद रात को घर लौट रहे थे। करीब रात एक बजे ललौली थानाक्षेत्र के खटौली गांव के पास बांदा की ओर जा रहे डंपर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दशरथ सिंह की मौके पर मौत हो गई और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर में बाइक फंसने से चालक गाड़ी छोड़कर चालक भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहुल कुमार को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से हैलट कानपुर रेफर किया।

इधर बेटे की मौत से मां प्रियंका देवी का हाल बेहाल है। दशरथ छोटे भाई रुद्र प्रताप सिंह (14) और आयुष सिंह (6) से बड़ा था। दशरथ शहर स्थित आरओ प्लांट में मजदूरी करता था। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। चालक का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

# अच्छे नेताओं की जरूरत, हर परिवार से कोई एक राजनीति में आए

**लखनऊ , एजेंसी।** पढ़ाई के साथ हर कोई लक्ष्य तय करता है कि मैं आईएएस, आईपीएस और जज... आदि बनूंगा। यही माता पिता का सपना भी होता है, लेकिन मैं अपील करता हूं कि हर परिवार का एक बेटा राजनीति में जरूर आए। देश को अच्छे नेताओं की जरूरत है। ये बातें लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व योगी सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विवि के 105वें स्थापना दिवस समारोह में कही।

उन्होंने कहाकि 1974 में विश्वविद्यालय आया तो पढ़ाई के दौरान ही सोचा था कि राजनीति में जाकर देश सेवा करूंगा। मेरे भीतर सेवा भाव ऐसा था कि जब किसी छात्र को हॉस्टल नहीं मिलता था तो मैं अपने कमरे में उसे रोक लेता था। वित्त मंत्री ने कहा कि राजनीति मूलतः समाज सेवा का क्षेत्र है और छात्रों को इसमें आगे आना चाहिए।

समारोह के बाद वह चंद्रशेखर



आजाद हॉस्टल के उस कमरे में भी गए, जहां उन्होंने कॉलेज के दिन बिताए थे। मौके पर पूर्व छात्रों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना ने की।

**हॉस्टल से हो गया था डिबार : सुरेश खन्ना :** मंत्री सुरेश शन्ना ने बताया कि मुझे बटलर हॉस्टल (अब तिलक) में 72 नंबर कमरा मिला। मेरे कमरे में करंट से एक छात्र मौत हो गई। प्रोवोस्ट ने मुझे हॉस्टल से निकाल दिया था।

**85 वर्ष का होकर भी नहीं हूं रिटायर :** हिंदी के पूर्व हेड प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित ने बताया कि जब हेड थे तो चुनौती थी हिंदी को रोजगार से कैसे जोड़ा जाए। बजट की दिक्कत थी तो सेल्फफाइनेंस कोर्स शुरू किए। 85 वर्ष में भी रिटायर नहीं हुआ हूं। वेतन बंद हो गया है, पर विवि से आज भी जुड़ा हूं।

**जारी रखा अदाकारी का शौक : अनिल रस्तोगी :** फिल्म अभिनेता अनिल रस्तोगी ने बताया कि 1962 में बायोकेमिस्ट्री से पढ़ाई की। 41 वर्ष सीडीआरआई में नौकरी की, लेकिन अदाकारी का शौक जारी रखा। रिटायरमेंट के बाद अभिनय कर रहा हूं।

**बिना गूगल व चैट जीपीटी के यहां तक पहुंचे : लक्ष्मी सिंह :** आईपीएस लक्ष्मी सिंह ने कहा कि 1998 में यहां से पासआउट हुई। हम वो पीढ़ी है जो बिना गूगल व चैट जीपीटी के यहां तक पहुंचे हैं। मेरे पिता ने यहां से लॉ की पढ़ाई की है। उनकी याद में हर वर्ष विधि के एक छात्र को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार देना चाहती हूं।

**आज पास हुए और कल बन गए फैकेल्टी : प्रबोध सेठ :** पूर्व आईआरएस अधिकारी प्रबोध सेठ ने कहा कि पासआउट होने के अगले दिन ही हेड राधाकमल मुखर्जी ने कहा कि तुम विभाग के लिए ही बने हो। उन्होंने फैकल्टी के रूप में रख लिया।

**बोलता हूं अंग्रेजी, निकल जाती है भोजपुरी : अखिलेश :** वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह ने कहा, मैं अंग्रेजी अखबार में पत्रकार हूं, लेकिन आज भी जब अंग्रेजी बोलता हूं तो कई बार भोजपुरी निकल जाती है। हमारे जमाने में एक महिला छात्रावास था, आज नौ महिला छात्रावास हो गए हैं।

**पढ़ाई से समझौता न करें विद्यार्थी : जस्टिस मनीष कुमार :** जस्टिस मनीष कुमार ने कहा वर्ष 1989 में यहां पढ़ते थे। तब मिल्कबार कैंटीन हुआ करती थी। केमिस्ट्री विभाग के समोसे कभी मैं भूल नहीं सकता। विद्यार्थी कैंटीन जाएं, पर पढ़ाई से समझौता कभी न करें।

**नक्सली ने दिया गीता का ज्ञान : प्रभु नारायण :** गीता उपदेशक प्रभु नारायण श्रीवास्तव ने कहा 1983 में एलएलबी इंजिनियरिंग करके लॉ में आया। एक आंदोलन में जेल गया तो नक्सली ने मुझे गीता पढ़ने को कहा।

## फाइनल में पाकिस्तान नहीं बल्कि इस टीम को हराकर टी20 वर्ल्ड कप जीतना चाहेंगे सूर्यकुमार यादव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक दौर था, जब भारतीय क्रिकेटर और फैंस फाइनल में पाकिस्तान को मात देकर आईसीसी टूर्नामेंट जीतते देखना पसंद करते थे, लेकिन आज के दौर में हालात बदल गए हैं। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के अनुसार, वह ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतना पसंद करेंगे। मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। भारत और श्रीलंका में कुल 8 वेन्यू पर इस टूर्नामेंट का आयोजन होगा, जिसका फाइनल 8 मार्च को खेला जाना है।

भारत और पाकिस्तान को ग्रुप-ए में रखा गया है। दोनों टीमें 15 फरवरी को 'हाईवोल्टेज मैच' खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी की ओर से आयोजित आगामी टी20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'अगर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल है, तो मैं चाहूंगा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीते।' भारत और ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैदान पर बढ़ती प्रतिद्वंदिता के बीच सूर्यकुमार यादव चाहते हैं कि भारत टी20 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़े। इसकी दूसरी वजह यह भी है कि टीम इंडिया कंगारुओं से वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला लेना चाहती है।

19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने 240 रन बनाए थे। इसके जवाब में ट्रेविस हेड (137) और मार्नस लाबुशेन (नाबाद 58) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने महज 43 ओवरों में फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कुल 20 टीमों को 5-5 के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत को भारत को ग्रुप-ए में रखा गया है। इस ग्रुप में टीम इंडिया के साथ पाकिस्तान, यूएसए, नीदरलैंड्स और नामीबिया की टीमें शामिल हैं। वहीं, ग्रुप-बी में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान को रखा गया है। ग्रुप-सी में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, नेपाल और इटली को शामिल किया गया है, जबकि ग्रुप-डी में न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, अफगानिस्तान, कनाडा और यूएई की टीमें शामिल हैं।

# भारत की गुवाहाटी में 408 रनों से शर्मनाक हार

### साइमन हार्मर का 'छक्का', साउथ अफ्रीका ने 25 साल बाद किया व्हाइटवॉश



**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में हुआ दूसरा टेस्ट भी साउथ अफ्रीका की टीम ने जीत लिया. भारत के सामने 549 रनों का टारगेट था. लेकिन भारतीय टीम मैच के पांचवें दिन महज 140 रनों पर सिमट गई. टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली साउथ अफ्रीकी टीम ने भारत को 408 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की. जो भारत की टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी हार रही.

मेहमान टीम ने पहली पारी में 489 रन बनाए और दूसरी पारी में 260/5 पर पारी घोषित कर दी. इसके बाद भारत के सामने 549 रन का विशाल लक्ष्य था. भारतीय टीम दबाव में टूट गई और पहली पारी में सिर्फ 201 तथा दूसरी पारी में 140 रन ही बना सकी. अफ्रीका के गेंदबाजों ने दोनों पारियों में भारतीय बल्लेबाज़ों को जमने नहीं दिया. दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर ने 6 विकेट झटके और मैच में 9 विकेट झटके. साल 2000 में हैंसी क्रोनिए के नेतृत्व में साउथ अफ्रीका ने भारत को 2-0 से हराकर घरेलू टेस्ट सीरीज में व्हाइटवॉश किया था. वहीं अफ्रीकी टीम ने तब आखिरी बार भारत में सीरीज भी जीती थी. तब पहला मैच मुंबई में हुआ जिसे अफ्रीकी टीम ने 4 विकेट से जीता. वहीं दूसरा टेस्ट मैच बेंगलुरु में हुआ, जिसे तब प्रोटियाज टीम ने एक पारी और 71 रन से जीता था. ऐसे में टेम्बा बावुमा ने कोलकाता और अब गुवाहाटी टेस्ट जीतकर हैंसी क्रोनिए के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली और सीरीज में भारत का सूपड़ा साफ किया. ध्यान रहे साउथ अफ्रीका की टीम ने कोलकाता टेस्ट 30 रनों से जीता था.

#### भारत की दूसरी पारी की हाइलाइट्स

भारत की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही. यशस्वी जायसवाल (13) सस्ते में लौटे, मार्को जानसेन की गेंद पर विकेटकीपर काइल वेरेने ने कैच लपका. कुछ देर बाद केएल राहुल (6) भी साइमन हार्मर की गेंद पर बोल्ड हो गए. पांचवें दिन भारत ने 27/2 के स्कोरकार्ड से बल्लेबाजी करनी शुरू की. लेकिन स्कोरकार्ड में 13 रन और जुड़े और कुलदीप यादव 5 रन पर साइमन हार्मर की गेंद पर बोल्ड हो गए. इसी ओवर (24वें) में ध्रुव जुरेल भी आउट हुए. इसके बाद भारतीय कप्तान पंत ने थोड़े तेवर दिखाए और एक चौका और छक्का जड़कर टीम का स्कोर 58 तक ले गए, लेकिन वो भी हार्मर की गेंद पर मिले एक्स्ट्रा बाउंस पर एडेन मार्करम को 13 रन पर कैच थमा बैठे. टी ब्रेक के बाद साई सुदर्शन का धैर्य भी जवाब दे गया और वो 139 गेंदों पर 14 रन बनाकर सेनुरन मुथुसामी का शिकार बने. वॉशिंगटन सुंदर (16 रन, 44 गेंदों में) भी ज्यादा कुछ नहीं कर पाए और हार्मर ने उन्हें पवेलियन भेजा. नीतीश रेड्डी ने एक बार फिर निराश किया और वो 0 पर आउट हुए. रवींद्र जडेजा ने रेड्डी के आउट होने के बड़ा शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन वो स्टम्प आउट हो गए; आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद सिराज रहे.

## ऐसा पहली बार होगा जब मैं टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेलूंगा, यह मेरे लिए अलग अनुभव है : रोहित शर्मा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 पुरुष विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को इस टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर चुना गया है। ऐसा पहली बार होगा जब रोहित शर्मा टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे, यह उनके लिए एक अलग अनुभव होगा। रोहित शर्मा ने अब तक टी20 वर्ल्ड कप के सभी एडिशन में हिस्सा लिया है। वह साल 2007 की विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे। इसके बाद साल 2024 में बतौर कप्तान खिताब जीता। रोहित ने कहा, 'इतने सारे देशों को टी20 वर्ल्ड कप में खेलते देखना खुशी की बात है। यह पहली बार होगा जब मैं टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेलूंगा। यह मेरे लिए एक अलग अनुभव है, लेकिन मुझे घर में टीवी पर मैच देखने की आदत हो गई है।' इस मौके पर भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस इवेंट को चैलेंजिंग बताते हुए कहा कि उनके टीम के साथी घर पर खेलने के लिए उत्साहित हैं।



## स्मृति मंधाना को धोखा दे रहे थे पलाश मुच्छल?

### ● मिस्ट्री गर्ल की पोस्ट से बड़ा ट्विस्ट आया सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट स्टार स्मृति मंधाना और म्यूज़िक कंपोज़र पलाश मुच्छल का रिश्ता हाल ही में सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गया है। जहां यह कपल कुछ समय पहले तक अपनी प्री-वेडिंग तस्वीरों के चलते सुर्खियों में था, वहीं अब वायरल हुए कथित स्क्रीनशॉट और लगातार बढ़ती अफवाहों ने कहानी को पूरी तरह पलट दिया है। इंटरनेट पर फैली जानकारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन इन चर्चाओं ने फैंस के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थिति क्या है–यह जानने के लिए सबकी निगाहें कपल पर टिकी हैं।

**विवाद की वजह बनी वायरल हुई कथित चैट:** पलाश मुच्छल और कोरियोग्राफर मैरी डी'कोस्टा की कथित निजी चैट ऑनलाइन फैलते ही मामला अचानक सुर्खियों में आ गया। पोस्ट की गई मैसेजिंग बातचीत में दावा किया जा रहा था कि पलाश किसी मुलाकात पर जोर दे रहे थे और अपने लॉन्ग-डिस्टेंस रिश्ते को लेकर असंतोष जता रहे थे। हालांकि, इन चैट्स की किसी भी विश्वसनीय स्रोत द्वारा पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर इन पोस्ट्स ने बड़ी तेजी से बवाल खड़ा कर दिया, जिससे फैंस के बीच कई तरह के कयास लगने लगे।

**मैरी डी'कोस्टा ने दी सफाई, पर तनाव कम नहीं हुआ:** विवाद बढ़ने के बाद मैरी ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी के जरिए स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि वे पलाश से कभी नहीं मिलीं, विवाद से उनका कोई लेना-देना नहीं, और कथित चैट की सत्यता पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। उनके बयान के बावजूद सोशल मीडिया पर बहस थमी नहीं। ऐसा लग रहा था कि अफवाहें इतनी फैल चुकी हैं कि बयान देने से भी शोर कम नहीं हुआ।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करेंगे पृथ्वी शॉ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वी शॉ एक ऐसा नाम जिसे कभी भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में गिना जाता था और अब अपने करियर को फिर से जीवित करने के निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। बीते कुछ वर्षों में खराब फॉर्म, फिटनेस चुनौतियों और ऑफ-फील्ड विवादों ने उनकी प्रगति को गहरी चोट पहुंचाई। लेकिन 2025-26 घरेलू सीजन से पहले महाराष्ट्र में शिफ्ट होकर शॉ ने अपने लिए नई शुरुआत का रास्ता चुना है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी उनके लिए वह मंच बन सकती है, जहां वे दोबारा साबित कर सकते हैं कि उनका टैलेंट अब भी उतना ही खतरनाक है।

**रोइंग:**

## पानी पर ताकत और तालमेल का खेल, जिसने ओलंपिक में बनाई खास पहचान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** करीब 8 हजार ईसा पूर्व लोग लकड़ी के लट्ठों को आपस में बांधकर उसे इस तरह तैयार करते थे कि उसमें खड़े होकर नदी को पार कर सकें। इससे न सिर्फ उन लोगों को नदी पार करने में मदद मिलती थी, बल्कि वे इसकी सहायता से मछलियों को भी पकड़ते थे। धीरे-धीरे लकड़ी के लट्ठों को काट-छांटकर उसे नाव का आकार दिया गया। उस दौरान किसी ने सोचा नहीं था कि एक दिन यही नाव ओलंपिक में पानी पर ताकत और तालमेल का खेल बनेगी। साल 1829 में ऑक्सफोर्ड-कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी बोट रेस का आयोजन हुआ। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को आठ पतवारों वाली नाव के साथ एक मैच में हिस्सा लेने की चुनौती दी थी। इस पहली रेस में ऑक्सफोर्ड ने जीत हासिल की थी।

19वीं शताब्दी तक यूरोप में रोइंग ने लोकप्रियता हासिल कर ली। 1900 पेरिस ओलंपिक में इस खेल को पहली बार शामिल किया गया, और तब से लेकर आज तक प्रत्येक ओलंपिक में इस खेल ने अपनी छाप छोड़ी है। 1976 मॉन्ट्रियल ओलंपिक में पहली बार महिलाओं की स्पर्धा को शामिल किया गया और फिर 1996 अटलांटा ओलंपिक में लाइटवेट स्पर्धाओं की शुरुआत हुई। रोइंग रेस के दो प्रकार होते हैं- स्कलिंग और स्वीप ओअर। स्कलिंग में दो पतवारों का प्रयोग होता है, जबकि स्वीप में नाविक एक पतवार का उपयोग करता है। नाव चलाने वाले एथलीट व्यक्तिगत रूप से या फिर 2, 4 और 8 की टीमों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। डबल स्कल्स एथलीट दोनों हाथों में एक-एक पतवार पकड़ते हैं, जबकि स्वीप रोइंग एथलीट दोनों हाथों से एक पतवार को पकड़ते हैं। 8 व्यक्तियों की टीम में एक मुख्य चालक होता है, जो अन्य सदस्यों को निर्देश देता है। उसे 'कॉक्सवेन' कहा जाता है।

उनके अलावा, अन्य सदस्य एक फुट पेडल के साथ पतवार को नियंत्रित करते हैं। प्रत्येक 10 से 12.4 मीटर की दूरी पर पानी की गहराई के साथ एक खास चीज को बांधकर रास्तों को चिन्हित किया जाता है। अगर किसी टीम या एथलीट से गलत शुरुआत हो जाए, तो उसे चेतावनी दी जाती है। अगर वह एथलीट या टीम गलती दोहराती है, तो उसे अयोग्य करार दिया जाता है। नाव का अगला भाग फिनिश लाइन कब पार करता है, यह जीत को तय करता है। भारतीय रोइंग ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह प्रगति की है, उसे देखते हुए ओलंपिक में भारत का भविष्य पहले से अधिक उज्ज्वल माना जा सकता है। भारतीय रोइंग में प्रतिभा का दायरा बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय रोअर्स तेजी से उभरकर सामने आए हैं।

# विश्व कप से अर्जुन के बाहर होने से टूटा उनका कैंडिडैट का सपना




**गोवा, एजेंसी।** गत सप्ताह भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और विश्व कप में भारत की आखिरी उम्मीद ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी क्वाटर फ़ाइनल के टाईब्रेक मुक़ाबले में चीन के वे यी से हारकर बाहर हो गए थे और इस तरह विश्व कप में भारत की चुनौती समाप्त हो गई . क्लासिकल मुक़ाबले में जीत से चूकने के बाद आज अर्जुन का सामना पहले रैपिड में चीन के वे यी से हुआ पर एक दिन पहले मिले जीवनदान का फ़ायदा उठाते हुए उन्होंने सफेद मोहरो से अर्जुन की फ्रेंच ओपनिंग में बेहतरीन खेल दिखाते हुए कुछ नई चालों से अर्जुन को चौंका दिया हालांकि एक समय मुश्किल में लग रहे अर्जुन किसी तरह ड्रा करने में सफल रहे , दूसरी रैपिड बाजी में अर्जुन नें सफेद मोहरो से एक समय मजबूत स्थिति हासिल कर ली थी पर वह जीतने के प्रयास में कुछ ग़लतियाँ कर बैठे और वे यी नें जीत दर्ज करते हुए टाईब्रेक 1.5-0.5 से अपने नाम कर लिया । जीतने के बाद वे यी नें कहा की अर्जुन नें जीतने के लिए ज़्यादा प्रयास किए वह खेल को ड्रा रखकर अगले टाईब्रेक में जा सकते थे । विश्व नंबर 4 अर्जुन इससे पहले वर्ष 2023 और 2024 में फीडे सर्किट के अंतिम क्षणो में ओर 2023 में विश्व कप क्वाटर फाइनल से हारकर कैंडिडैट से चुके है ओर यह चौंथी बार है जब उन्हे कैंडिडैट में स्थान नहीं मिला है ।

वहीं अन्य दो टाईब्रेक मुकाबलों में उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर सिंदारोव जावोखिर नें मेक्सिको के ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अलकांतारा को पराजित करते हुए सेमी फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया जहाँ उनका सामना अब हमवतन नोदिरबेक याकूबबोव से होगा । वहीं तीसरे मुक़ाबले में रूस के आंद्रे एसिपेंको नें यूएसए के सैम शंकलैंड को पराजित करते हुए सेमी फ़ाइनल में प्रवेश किया और अब उनका सामना चीन के वे यी से होना है ।

सेमी फ़ाइनल जीतने वाले दोनों खिलाड़ियों को सीधे कैंडिडेट में प्रवेश मिलेगा जबकि हारने वाले खिलाड़ियों को तीसरे स्थान के लिए मुकाबला जीतकर कैंडिडेट में पहुँचने का दूसरा और अंतिम मौका मिलेगा। इस हार के साथ ही अब अगले फ़ीडे कैंडिडेट में भारत की उम्मीद अब सिर्फ़ प्रज्ञानन्दा ही बाक़ी है जो फ़ीडे सर्किट पॉइंट के ज़रिए अभी भी कैंडिडेट पहुँच सकते है ।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी:**

## अर्जुन तेंदुलकर ने पहले 127 के स्ट्राइक रेट से ओपनिंग की, फिर 14 गेंद में लुटा दिए 29 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 का आगाज बुधवार 26 नवंबर से हो चुका है। पहले राउंड के ग्रुप बी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने गोवा को 6 विकेट से हराया। यूपी की जीत में हीरो रहे 93 रन की नाबाद पारी खेलने वाले आर्यन जुयाल। वहीं अर्जुन तेंदुलकर ने इस टी20 टूर्नामेंट के पहले मैच में गोवा के लिए पारी की शुरुआत की और 22 गेंद पर 127 के स्ट्राइक रेट से 28 रन बनाए। इस मैच में पहले खेलने उतरी गोवा के लिए इशान गाडेकर और बाएं हाथ के बल्लेबाज अर्जुन तेंदुलकर ने बल्लेबाजी की शुरुआत की। इशान 10 गेंद पर 16 रन बनाकर आउट हुए। वहीं अर्जुन ने 22 गेंद पर 28 रन बनाए जिसमें चार चौके शामिल थे। शिवम मावी ने अर्जुन तेंदुलकर को पवेलियन भेजा। इसके बाद गोवा ने अभिनव तेजराना के 72 रनों की मदद से 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 172 रन बनाए। 173 रनों का बचाव करने उतरी गोवा के गेंदबाजों को यूपी के ओपनर आर्यन जुयाल ने सेटल नहीं होने दिया। अर्जुन तेंदुलकर ने भी गेंदबाजी में निराश किया। उन्होंने 2.2 ओवर यानी 14 गेंद में 29 रन लुटाए और उनकी इकॉनमी 12 से भी ज्यादा की रही।

## रोनाल्डो पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध हटा

### विश्व कप में खेलते दिखेंगे, ट्रंप से मीटिंग के बाद फीफा का यू-टर्न?

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा ने यह स्पष्ट किया कि अगर प्रोबेशन अवधि के दौरान रोनाल्डो ने समान या गंभीर स्तर का उल्लंघन किया, तो बाकी दो मैचों का बैन वापस लागू हो जाएगा। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा की ओर से बड़ी राहत मिली है।



आयरलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में एल्बो मारने के चलते मिले रेड कार्ड के बाद माना जा रहा था कि वे आगामी वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मैच मिस कर सकते हैं। हालांकि, फीफा ने उन्हें तीन मैच के प्रतिबंध की सजा सुनाई है, लेकिन उसमें से दो मैचों पर एक साल की प्रोबेशन लागू की गई है। यानी रोनाल्डो ने पहले ही एक मैच का अनिवार्य बैन काट लिया है, और अब वे वर्ल्ड कप में खेलने के लिए पात्र हैं, लेकिन चेतावनी के साथ।

**क्या था मामला?**

डबलिन में खेले गए मुकाबले में रोनाल्डो ने आयरलैंड के डिफेंडर डारा ओ'शेया को कोहनी मारी थी। फीफा ने इसे हिंसक आचरण माना और सजा निर्धारित की। हालांकि, फीफा ने यह स्पष्ट किया कि अगर प्रोबेशन अवधि के दौरान रोनाल्डो ने समान या गंभीर स्तर का उल्लंघन किया, तो बाकी दो मैचों का बैन वापस लागू हो जाएगा।

## फीफा विश्व कप 2026: ड्रॉ में स्पेन-अर्जेंटीना और फ्रांस-इंग्लैंड को फायदा!

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा के मुताबिक, इस नए सिस्टम का उद्देश्य है लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों को रैंकिंग के आधार पर फायदा देना। साथ ही बड़े मुकाबलों को अंतिम चरण तक सुरक्षित रखना। फीफा ने अगले साल होने वाले 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप के ड्रॉ को लेकर बड़ा अपडेट जारी किया है। फीफा विश्व कप 2026 के लिए ड्रॉ अगले सप्ताह जारी होना है। इस ड्रॉ में पहली बार टेनिस-स्टाइल नॉकआउट ब्रैकेट सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसके तहत दुनिया की शीर्ष चार टीमें स्पेन, अर्जेंटीना, फ्रांस और इंग्लैंड को अलग-अलग हिस्सों में रखा जाएगा। इसका मतलब है कि अगर ये चारों टीमें अपने ग्रुप



में पहला स्थान हासिल करती हैं, तो वे सेमीफाइनल से पहले एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेलेंगी। फीफा के मुताबिक, इस नए सिस्टम का उद्देश्य है लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों को रैंकिंग के आधार पर फायदा देना। साथ ही बड़े मुकाबलों को अंतिम चरण तक सुरक्षित रखना। इसे टूर्नामेंट को प्रतिस्पर्धात्मक और संतुलित बनाने में मदद मिलेगी। फीफा ने बयान में कहा, 'दो अलग-अलग रास्ते तैयार किए गए हैं ताकि शीर्ष टीमों के बीच संतुलन बना रहे और योग्य प्रदर्शन को सम्मान मिले।'

**ग्रुप स्टेज से लेकर नॉकआउट तक नई संरचना:** इस बार वर्ल्ड कप 48 टीमों वाला होगा, जो इतिहास में पहली बार है। कुल 12 ग्रुप होंगे, हर ग्रुप में चार टीमें रहेंगी। ड्रॉ इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि एक ही महाद्वीप की दो गैर-यूरोपीय टीमें एक ग्रुप में नहीं हो सकतीं। साथ ही यूरोपीय टीमों की संख्या प्रत्येक ग्रुप में अधिकतम दो तक सीमित रहेगी।

ड्रॉ पांच दिसंबर को वॉशिंगटन डी.सी. के कैनेडी सेंटर में होगा, जिसमें विशेष अतिथि के रूप में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मौजूद रहेंगे। यह पहला मौका है जब किसी वर्ल्ड कप ड्रॉ में राजनीतिक और खेल के इतने बड़े चेहरे एक साथ मंच साझा करेंगे।